

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### इन स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस करेगी जांच

*नए साल में रफ्तार तथा ड्रंक एंड ड्राइव पर लगाम लगाने टैफिक पुलिस तथा संबंधित थानों की टीम नवा रायपुर सहित शहर के सभी एंट्री पाइंट जिसमें तेलीबांधा, पचपेड़ी नका, टाटीबंध, भनपुरी चौक, विधानसभा चौक, अमलेश्वर सहित राम मंदिर के सामने, फुंडहर चौक, अनुपम नगर चौक, एसआरपी चौक, जयस्तंभ चौक, सरस्वती नगर थाना के सामने, मोवा थाना, खमतराई, लाखे नगर, डीडीनगर गोल चौक, गुढ़ियारी भारतमाता चौक, रेलवे स्टेशन के सामने तथा शास्त्री चौक में बैरिकेडिंग करने के साथ स्टाफर लगाकर वाहन चालकों की जांच करेगी।*

## नए वर्ष में ड्रंक एंड ड्राइव रोकने शहर के सभी एंट्री पाइंट सहित दो दर्जन चौराहों पर ट्रैफिक जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


नए साल में तथा नए साल की पूर्व संध्या पर नशे की हालत में वाहन चलाने तथा हुड़दंग करने वाले हुड़दंगियों के खिलाफ कार्रवाई करने पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। नए साल के जश्न को लेकर पुलिस शनिवार-रविवार तक एडवाइजरी जारी कर दिशा-निर्देश जारी करेगी। होटल, क्लब तथा फार्म हाउस में आयोजित होने वाले फंक्शन में पुलिस की विशेष नजर रहेगी। होटल, क्लब तथा अन्य लोगों ने शराब पिलाने की अनुमति लेने आबकारी विभाग के पास आवेदन लगाना शुरू कर दिया है। पिछले वर्ष 70 के करीब होटल, रेस्टोरेंट संचालकों ने 31 दिसंबर को शराब ▶▶| शेष पेज 13 पर

खास खबर

### आउटर में रहेगी विशेष नजर

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के अनुसार बगैर अनुमति शराब परोसने वाले होटल तथा रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही शहर के आउटर तथा शहर के अंदरूनी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंधित मादक पदार्थों की सेवन करने से रोकने फार्म हाउस तथा निजी क्लब की विशेष निगरानी करने के एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

- रात 12 बजे के बाद शराब परोसने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई
- ड्रंक एंड ड्राइव करने वालों की गाड़ी जब्त कर कोर्ट में पेश की जाएगी



### पांच सौ से ज्यादा पुलिसबल की तैनाती

अपराध रोकने के लिए 500 से ज्यादा जवानों की तैनाती रहेगी। शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने वाले वाहन चालक की गाड़ी जब्त की जाएगी। नशे की हालत में पुलिस के साथ बदसलूकी करने वालों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस बैरिकेंडिग तथा स्टाफर लगाकर जांच करेगी। इसके अलावा तेज गति से वाहन चलाने तथा गाड़ियों में हूटर लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### बड़े होटलों में सीसीटीवी से नजर

चौराहों, बड़े आयोजनों वाले होटल, रेस्टोरेंट पर सीसीटीवी और कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी। किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। शहर के विभिन्न संदिग्ध स्थान जहां पर नशे की सामग्री मिलने की सूचना मिलेगी और नशाखोरी-अड्डेबाजी की जा रही हो, तो कार्रवाई की जाएगी। एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार आतिशबाजी करने की अनुमति रहेगी।



## खबर संक्षेप

### कचरा फेंकने की बात पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थिया देवकी साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन कुमार गजेंद्र ने कचरा फेंकने की बात पर उसके साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध बीएनएसः 296, 115-2, 351-2 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 10 साल की नाबालिग से रेप, 25 वर्ष कैद

**रायपुर।** 10 साल की नाबालिग बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) गिरीश कुमार मंडावी की कोर्ट ने अजय कुमार निषाद को 25 वर्ष कैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान के अनुसार बच्ची अपनी मां के साथ 17 मार्च 2024 को एक छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थी।

## अमन गैंग का ऑपरेशनल हेड था गैंगस्टर मयंक हथियार और शूटर व्यवस्था की थी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

लारेंस विश्नोई गैंग से जुड़ा गैंगस्टर सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह से रायपुर पुलिस ने रायपुर तथा कोरबा में शूट आउट प्रकरण में पूछताछ प्रारंभ कर दी है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि एनकाउंटर में ढेर अमन साव के गैंग का मयंक सिंह ऑपरेशनल हैड था। अमन साव के जेल में बंद होने की वजह से मयंक सिंह गैंग को ऑपरेट कर रहा था। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि लेवी वसूली करने मयंक सिंह टार्गेट फिक्स करता था। राजधानी के तेलीबांधा स्थित पीआरए ग्रुप तथा वर्ष 2023 में आरकेटेसी ग्रुप से लेवी वसूली करने मयंक सिंह ने टार्गेट फिक्स किया था। लेवी नहीं देने पर मयंक सिंह ने आरकेटीसी ▶▶| शेष पेज 13 पर

- टार्गेट सेट करने का काम मयंक सिंह करता था


विश्नोई गैंग के गैंगस्टर मयंक सिंह को ...यपुर शूट-आउट केस में लाया गया

### अमन साव से इंटरनेट कॉल कर मीटिंग

मयंक से पूछताछ में पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारी मिली है। मयंक सिंह ने पुलिस को बताया है कि अमन साव भले ही झारखंड जेल में बंद था, लेकिन उसकी जब मर्जी वह अमन साव को इंटरनेट कॉल कर अपनी योजना ▶▶| शेष पेज 12 पर

### फीलिंग ऐसी कि कोई एक दूसरे को पहचान न पाए

हथियार उपलब्ध कराने वाले से लेकर शूट आउट में शामिल बदमाश एक दूसरे को पहचान नहीं पाएं, इस बात का मयंक सिंह विशेष तौर पर ध्यान रखता था। शूट आउट में शामिल बदमाश एक दूसरे के साथ मयंक सिंह द्वारा बताए नेटवर्क के ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सोशल मीडिया से मोरल डाउन होने से बचाया

मयंक सिंह लारेंस विश्नोई गैंग से जरूर जुड़ा था, लेकिन उसका उस गैंग में कोई विशेष महत्व नहीं था। इस वजह से वह अमन साव के साथ मिलकर अपना अलग गैंग ऑपरेट कर रहा था। एनकाउंटर में अमन साव के ढेर होने के बाद गैंग का मोरल बुरी तरह से डाउन हो गया। इसके बाद मयंक ने सोशल मीडिया की मदद से अमन गैंग को एक्टिव रखने उनका मोरल बनाए रखने एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों से बदला लेने का झूठा आश्वासन दिया। साथ ही अपने आपको गैंग का स्वयंभू लीडर घोषित कर गैंग ऑपरेट करने लगा।

### अमन साव के नाम से कॉल करता था

बदमाशों का गैंग अमन साव के नाम से संचालित हो रहा था। अमन साव का नाम झारखंड के बड़े गैंगस्टरों में शामिल रहा है। अमन साव ज्यादातर समय जेल में रहता था। इस वजह से मयंक सिंह मलेशिया, थाईलैंड तथा अजरबैजान से अमन साव बन कर कारोबारियों को फिरौती के लिए इंटरनेट कॉल करता था।

### किसी भी हालत में हत्या नहीं करने के निर्देश

पूछताछ में मयंक ने पुलिस को बताया है कि उनकी कोशिश होती थी कि कारोबारियों को धमकाकर आसानी से लेवी वसूल की जाए। लेवी नहीं मिलने की स्थिति में कारोबारियों के निवास, ऑफिस के आसपास दहशत फैलाने शूट आउट करवाते थे। साथ ही गैंगस्टरों ने अपने शूटरों को साफ निर्देश दिया था कि वे किसी व्यक्ति पर फायरिंग करने के बजाय टार्गेट की गाड़ी, मकान में फायरिंग करें। किसी व्यक्ति विशेष पर फायरिंग करने पर पकड़े जाने पर लंबी सजा होती। इस वजह से यह गैंग आदमियों पर फायरिंग करने से बचते थे।

## चर्चित यश हत्याकांड के गवाह पर जेल में ब्लेड से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हत्याकांड का गवाह प्रतिबंधात्मक धारा के तहत जेल गया था
- जेल प्रबंधन ने घटना को मामूली झड़प बताया

सेंट्रल जेल में चर्चित यश शर्मा हत्याकांड के प्रमुख गवाह के साथ मारपीट तथा उसके गले तथा चेहरे पर ब्लेड से हमला करने की घटना सामने आई है। जेल प्रबंधन ने जेल में किसी तरह से कोई गंभीर वारदात होने की बात से इनकार करते हुए मामूली झड़प होना बताया है। जेल प्रबंधन के अनुसार प्रतिबंधात्मक धारा के तहत बंदी के साथ मारपीट करने वाले बंदी के खिलाफ जेल नियमावली के तहत कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी है। पीड़ित ने घटना की शिकायत एसएसपी तथा कलेक्टर के पास की है।




प्रतिबंधात्मक धारा के तहत पिछले सप्ताह जेल गए कुशाल तोलानी पर ब्लेड से हमला करने की घटना हुई है। कुशाल पर जिस बदमाश ने ब्लेड से हमला किया है, बताया जा रहा है वह बंदी एनडीपीएस एक्ट के आरोप में सजा काट रहा है। एनडीपीएस एक्ट में सजा काट रहे बंदी द्वारा जेल की चम्मच को धार कर ब्लेड बनाकर कुशाल पर हमला करने की बात सामने आई है।

### हत्या के आरोपियों द्वारा हमला कराने का आरोप

यश शर्मा हत्याकांड में शामिल आरोपियों को कुशाल के बयान के आधार पर जिला न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसी बात से नाराज होकर आजीवन कारावास की सजा काट रहे बदमाशों ने कुशाल पर ब्लेड से हमला कराया है। जेल प्रबंधन के अनुसार वास्तविकता कुछ और है। बंदी कुशाल पिछले शनिवार को ही जेल से रिहा हो गया। बंदियों के साथ आपसी झड़प में उसे चोट आई थी, मगर जख्म उतना गहरा नहीं कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़े। जेल प्रबंधन के अनुसार प्रतिबंधात्मक धारा का आरोपी झड़प की घटना के अगले रोज ही जेल से रिहा हो गया था।

## अगले 48 घंटे में 2 डिग्री और गिरेगा पारा, राजधानी में धुंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कड़ाके की ठंड से प्रदेशवासियों को फिलहाल राहत की कोई संभावना नहीं है। आने वाले 48 घंटों में प्रदेश के तापमान में 1 से 2 डिग्री तक तापमान गिरेगा। इसके बाद तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इस दौरान उत्तर और मध्य क्षेत्र में शीत लहर के आसार रहेंगे। राजधानी रायपुर सहित कई हिस्सों में कोहरे और धुंध की स्थिति रहेगी। मौसम के वर्तमान ▶▶| शेष पेज 13 पर

- दुर्ग जिले में शीतलहर, सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 5 .7 डिग्री

### एक-दो पॉकेट में शीत लहर और कोहरा

मौसम शुष्क रहने के कारण बदली-बारिश जैसे हालात कहीं भी निर्मित नहीं हुए। वर्ष अंत तक ऐसी स्थिति निर्मित होने की संभावना नहीं है। मौसम आने वाले कुछ दिनों तक पूर्णतः साफ ही रहेगा। वहीं गुरुवार को प्रदेश में दुर्ग में शीतलहर के हालात रहे। शुक्रवार और शनिवार को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में एक-दो पॉकेट में शीत लहर चलने की आशंका मौसम विभाग ने जताई है। जिन स्थानों में धुंध की आशंका व्यक्त की गई है, उनमें राजधानी रायपुर भी शामिल है।

## बिजली बिल वसूलने गए जेई के साथ बदसलूकी, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना में सीएसईबी के एक जूनियर इंजीनियर ने एक युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भावना तिवारी ने आशीष तांडी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भावना ने पुलिस को बताया है कि संतोषी नगर स्थित विद्युत उपभोक्ता गोपाल तांडी के चाय ठेला में बिजली कर्मी बकाया बिजली बिल चार हजार 950 रुपए वसूलने गया था। बकाया बिल नहीं देने पर बिजली कर्मी कनेक्शन काटने लगे। इस बात से नाराज होकर आशीष ने जेई तथा बिजली कर्मियों के साथ बदसलूकी करते हुए बिजली कर्मियों के साथ मारपीट की।

## सीटेट-2026 : अंतिम तिथि में वेबसाइट ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात सीटेट फरवरी 2026 परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने वाले अभ्यर्थियों को एक बार की राहत देने का फैसला किया है। यह निर्णय सीटेट के 21वें संस्करण की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बंद होने के बाद प्राप्त कई शिकायतों के बाद लिया गया है। दरअसल, अंतिम तिथि में वेबसाइट ठप होने से लेकर कई तरह की तकनीकी दिक्कतें सामने आई थीं। रजिस्ट्रेशन के बाद भी आवेदन नहीं कर सके अभ्यर्थियों ने इसे लेकर शिकायत की थी। सीबीएसई द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, जिन उम्मीदवारों का सीटेट फरवरी 2026 का आवेदन अधूरा रह गया था, उन्हें आधिकारिक वेबसाइट के ▶▶| शेष पेज 13 पर

- फरवरी में आयोजित होगी केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

### जिनका रजिस्ट्रेशन लेकिन आवेदन अधूरे, उन्हें एक मौका




### 1.61 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन अधूरे

सीबीएसई ने बताया कि सीटेट फरवरी 2026 की आवेदन प्रक्रिया 27 नवंबर को शुरू हुई थी और 18 दिसंबर को रात 11.59 बजे बंद हुई। इस अवधि में कुल 25,30,581 उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक आवेदन किया। बोर्ड द्वारा साझा किए गए दिनवार आंकड़ों के अनुसार, आवेदन की दूसरी अंतिम तिथि पर 3,53,218 अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा, जबकि अंतिम दिन 4,14,981 उम्मीदवारों ने आवेदन किया। इसके बावजूद 1,61,127 रजिस्ट्रेशन अधूरे रह गए, जिन्हें अंतिम सब्मिशन में बदला नहीं जा सका।

## सात वर्ष इंतजार के बाद अब व्याख्याता पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्याख्याता पद पर पदोन्नति का इंतजार कर रहे शिक्षकों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। लोक शिक्षण संचालनालय ने डीपीसी अर्थात डिपार्टमेंटल प्रमोशन संबंधित प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। व्याख्याता एलबी पद पर डीपीआई द्वारा पहली पदोन्नति है। वन टाइम रिलेक्सेशन के बाद भी अब तक पदोन्नति नहीं की गई थी। इसे लेकर प्रदेशभर के शिक्षकों द्वारा समय-समय पर शासन-प्रशासन को ज्ञापन देकर लाभ की मांग की थी। पदोन्नति सूची वर्तमान शैक्षणिक सत्र में ही जारी कर शिक्षकों को उन स्कूलों में पदोन्नति प्रदान की ▶▶| शेष पेज 13 पर

- लोक शिक्षण संचालनालय ने पूरी की डीपीसी

### ई संवर्ग में तकनीकी बाधाएं

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि उच्च वर्ग शिक्षकों को भी व्याख्याता पदोन्नति में वन टाइम रिलेक्सेशन का लाभ 3 वर्ष के अनुभव के आधार पर दिया जाना था,लेकिन डीपीआई द्वारा अब तक पदोन्नति नहीं की गई थी। शिक्षकों द्वारा लगातार व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए अपना पक्ष रखा गया था। रिक्त पदों की स्थिति और लंबे समय से हो रही मांग को देखते हुए अब पदोन्नति का निर्णय लिया गया है। तकनीकी दिक्कतों को दूर करने शिक्षक संघ ने सुझाव दिया गया था कि ई संवर्ग में न्यायालयीन बाधा के कारण पदोन्नति बाधित है। इसमें लंबे समय से पदोन्नति न्यायालयीन बाधा के कारण नहीं हो पा रही है, अतः व्याख्याता एलबी संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की जाए। अबसंचालनालय द्वारा एलबी संवर्ग के पदों पर पदोन्नति के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए डीपीसी पूर्ण कर ली गई है।*



# नगरीय निकायों में अब पार्षदों की जगह रिश्तेदार, नातेदार प्रतिनिधि बनकर नहीं हो सकते शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों, नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों में अब चुने हुए पार्षदों, खासकर महिलाओं के रिश्तेदार, नातेदार, उनके प्रतिनिधि के रूप में शामिल नहीं हो सकते।

खास बात ये है कि इस पूरे मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान में लिया था। इस संबंध में हरिभूमि ने पिछले दिनों प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था।

### नेता अपने रिश्तेदारों को बना रहे हैं प्रतिनिधि

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को मिली शिकायत में सांसदों, विधायकों, द्वारा निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के रिश्तेदारों को अपने संपर्क व्यक्ति या प्रतिनिधि के रूप में अनौपचारिक रूप से नियुक्त करने का मुद्दा भी उठाया गया है। पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में, जिसके परिणामस्वरूप संवैधानिक रूप से अधिदेशित स्थानीय स्वशासन निकायों के कामकाज में अनुचित हस्तक्षेप होने का आरोप है। ऐसी प्रथाओं का आरोप न केवल लोकतांत्रिक लोकाचार को नष्ट करता है बल्कि भारत के संविधान में निहित हस्तांतरण के सिद्धांत का भी उल्लंघन करता है।

- नगरीय निकायों के अनुच्छेद का उल्लंघन
- सुप्रीम कोर्ट ने सरपंच पति को माना था अवैधानिक




### छत्तीसगढ़ सहित राज्यों को नोटिस दिया था

इस पूरे मामले को लेकर आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पीठ ने लोगों के मानवाधिकारों और महिलाओं के सम्मान के अधिकार की सुरक्षा के मामले में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान में लिया है।

### अब नगरीय प्रशासन ने जारी किया ये आदेश

इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा अन्य राज्यों सहित छत्तीसगढ़ को नोटिस दिए जाने के बाद अब राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। कहा गया है कि विभाग के संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय नगरीय निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार नातेदार को प्राक्सी प्रतिनिधि,लायज़न पर्सन होने के कारण सभी नगरीय निकायों के अनुच्छेद 15(3) व अनुच्छेद 21 का उल्लंघन हो रहा है। विभाग ने सभी निगम आयुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि शीघ्र अपने-अपने निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार नातेदार जो नामांकित जनप्रतिनिधि हैं, के संबंध में परीक्षण कर सांसद,विधायकों से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के पालन हेतु अवगत कराएं एवं अन्य नामांकित जनप्रतिनिधियों की नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

### सरपंच पति अवैधानिक : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने अब से दो साल पहले कहा था कि निर्वाचित महिला सरपंचों के पतियों और अन्य पुरुष रिश्तेदारों द्वारा उनकी ओर से अधिकारों का प्रयोग करना असंवैधानिक और गैरकानूनी प्रथा है। सरपंच पतियों के दखल को अनुचित माना गया था, इसी आधार पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इसकी जांच कर रहा है। सरपंचों के अलावा यह भी देखा जा रहा है कि सांसद, विधायक व पार्षद अपने रिश्तेदारों को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त तो नहीं कर रहे हैं? इसे असंवैधानिक बताया गया है।

---

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ विधानसभा में अटल जयंती पर श्रद्धासुमन

**रायपुर।** देश के पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवा रायपुर स्थित नवीन भवन में प्रतिष्ठापित उनकी प्रतिमा पर विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विकसित भारत जी राम जी' के लिए आज विशेष ग्रामसभाएं

**रायपुर।** केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार गारंटी को सुनिश्चित करने के लिए नवीन एवं उन्नत प्रावधानों के साथ विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण का निर्माण किया गया है। जिसे संक्षेप में 'विकसित भारत जी राम जी 2025' भी कहा जा रहा है। इस नए अधिनियम से विकसित भारत की कल्पना साकार होगी और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाएगा। इन्हीं बदलावों के विषय में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रदेश के सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय में 26 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

---

**मुख्यमंत्री बोले**

**गांव-गांव को बारहमासी सड़कों से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य अटलजी ने किया**

# सीएम साय ने किया 187 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के 115 नगरीय निकायों में नवनिर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर में अटल एक्सप्रेस-वे के फुंडहर चौक पर स्थापित अटलजी की प्रतिमा का अनावरण तथा अटल परिसर का लोकार्पण करते हुए राज्यभर में आयोजित कार्यक्रमों से वर्चुअल रूप से जुड़कर अन्य 114 नगरीय निकायों में निर्मित अटल परिसरों का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 186 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत 23 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 185 करोड़ 49 लाख रुपए के 17 कार्यों का भूमिपूजन तथा एक करोड़ 49 लाख रुपए के 6 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रकाशित अटल परिसरों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के पांच हितग्राहियों को भवन निर्माण अनुज्ञा-पत्र एवं पीएम स्वनिधि योजना के तहत पांच महिला हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपए के चेक वितरण किए गए।



### अटल जी ने आदिवासी कल्याण को दी नई दिशा

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से अटलजी ने गांव-गांव तक पक्की सड़कों का जाल बिछाया और बारहमासी सड़कों से ग्रामीण भारत को जोड़ा, जिससे छह लाख से अधिक गांवों में विकास के द्वार खुले। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सुलभ कृषि ऋण उपलब्ध कराया गया, जिसका लाभ आज करोड़ों किसान उठा रहे हैं। अटल जी ने आदिम जाति विकास मंत्रालय का गठन कर उन्होंने आदिवासी कल्याण की योजनाओं को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, आज प्रदेश के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसरों का लोकार्पण किया गया है। इससे पूर्व 60 स्थानों पर परिसरों का लोकार्पण हो चुका है। अटलजी की दूरदृष्टि और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत रायपुर में 1023 आवासों की स्वीकृति दी गई है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, इंद्रकुमार साहू,अनुज शर्मा, महापौर मीनल चौबे, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ शशांक पाण्डेय सहित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं रायपुर नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नक्सली नेता गणेश का न्यूट्रलाइजेशन नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार : सीएम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओडिशा के कंधमाल-गंजाम सीमावर्ती वन क्षेत्रों में संचालित संयुक्त सुरक्षा अभियान में सीपीआई (माओवादी) संगठन के शीर्ष नेतृत्व में शामिल गणेश उइके के न्यूट्रलाइज किए जाने को नक्सलवाद के विरुद्ध चल रही निर्णायक लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई नक्सल तंत्र की रीढ़ पर सीधा प्रहार है तथा स्पष्ट संदेश है कि अब नक्सल हिंसा के लिए देश में कहीं भी सुरक्षित ठिकाना शेष नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सल उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक ठोस और निर्णायक कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सशक्त मार्गदर्शन में देश नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की ओर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। एक-भारत श्रेष्ठ-भारत की भावना के साथ केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है।

---

## ठाकरे परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी पर प्रदर्शनी का सीएम साय ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में अटल जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ कर इसका अवलोकन किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सदैव हमारे मन और मस्तिष्क में रहेंगे। इसलिए हम सब कहते हैं, सदैव अटल, सदियों से अटल, संदर्भ अटल। भारत की राजनीति में अटलजी ने जो एक साझा राजनीति और साझा जीवन का उदाहरण दिया, वह अतुल्यनीय है क्योंकि जब देश में गठबंधन की राजनीति पर प्रश्न चिह्न लगाए जाते थे, उस समय उन्होंने सफल गठबंधन की राजनीति करके भारत के विकास में जो योगदान दिया वह अतुल्यनीय और अनुकरणीय है। उसी रास्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सब चल रहे हैं। विकसित भारत का जो सपना अटल जी ने देखा था, उस सपने को पूर्ण करने के लिए हम सब कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, अटल जी का छत्तीसगढ़ के प्रति विशेष लगाव रहा है। यही वजह है कि हमें अपना एक छत्तीसगढ़ राज्य अलग मिला है। इसके पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय के स्मृति मंदिर में अटल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शहर जिला भाजपा ने इस अवसर पर जयस्तंभ चौक में रक्त दान शिविर का आयोजन किया।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, प्रदेश महामंत्री डॉ नवीन मार्कंडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, अमित साहू , प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, शताब्दी पांडेय, डॉ किरण बघेल, उज्जवल दीपक, आईटी संयोजक सुनील पिल्लई, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, संदीप शर्मा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---


**पुराने भवन के वार्डों में लगातार बढ़ रहा दबाव**

## भूमिपूजन के दो साल बाद भी 700 बिस्तर अस्पताल का काम निविदा स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों को राहत देने के लिए बनाए गए 700 बिस्तर की क्षमता वाले एकीकृत भवन के निर्माण का काम टेंडर प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ पाया है। इस भवन निर्माण के लिए सितंबर 2023 में भूमिपूजन किया गया था। इसके बाद तकनीकी कारणों से अटका मामला अब टेंडर प्रक्रिया में फंसा हुआ है। पुराने भवन में संचालित होने वाले वार्ड छोटे होने की वजह से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही इलाज के दौरान उन्हें बेड भी शेयर करना पड़ता है।

आंबेडकर अस्पताल में नया भवन बनाने की योजना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनी थी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई थी। शासन ने मरीजों की समस्या समझते हुए भवन निर्माण की योजना को मंजूरी दी और सात सौ बेड की क्षमता और आधुनिक सुविधा वाले अस्पताल भवन बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया और 9 सितंबर 2023 को इसका भूमिपूजन किया गया। निर्माण के लिए राशि की वित्त विभाग से मंजूरी सहित अन्य प्रक्रिया पूरी करने में काफी वक्त बीत गया। वर्तमान में भूमिपूजन को दो साल बीत चुके है मगर यह योजना टेंडर प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ पाई है। इसके पूरा होकर एजेंसी तय करने और कार्य शुरू होने में काफी वक्त लगने की संभावना है। भवन निर्माण के लिए कालेज परिसर के पुराने हास्टल को चिन्हित किया गया है। भले ही भवन जर्जर हो चुका है मगर काफी बढ़ी जगह पर स्थित है। भवन को हटाने में काफी वक्त लगने और खर्च होने की संभावना है।



**700 बेड 1300 हो चुका**

आंबेडकर अस्पताल के मूल भवन की शुरुआत 700 बेड की क्षमता के साथ प्रारंभ की गई थी। यहां भर्ती होने वाले मरीजों क क्षमता बढ़ती गई और सात सौ बेड की क्षमता वाला यह अस्पताल 1300 बेड का हो गया है। वर्तमान में आने वाले मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या की वजह से यह भवन भी छोटा पड़ने लगे हैं। अस्पताल के स्त्री एवं प्रसुति रोग सहित कई विभाग ऐसे हैं जहां मरीजों को इलाज के लिए भर्ती होने के दौरान आपस में बेड शेयर करना पड़ रहा है।

### जरूरत होगी अलग सेटअप की

सात बेड के बनने वाले इंटीग्रेटेड हास्पिटल के निर्माण के बाद उसके उपयोग के लिए अलग से स्टाफ की जरूरत होगी। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल के पास जो स्टाफ है वह सात सौ बेड की क्षमता वाले सेटअप का है जो पुराने भवन के लिए ही पर्याप्त नहीं है। योजना के मुताबिक वहां निर्माण पूरा होने के बाद मातृ एवं शिशु रोग विभाग, मेडिसिन, आर्थो, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को शिफ्ट किया जाएगा।

---

## जी राम जी कानून से मजदूरों को होने वाले नुकसान पर जागरूकता अभियान चलाएगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा कानून संशोधन के कारण मजदूरों को होने वाले नुकसान पर जागरूकता अभियान चलायेगी। यह अभियान केन्द्र सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा को लेकर फैलाये जाने वाले भ्रम के विरोध में होगा। केंद्र सरकार ने 26 दिसंबर से पहले देश के प्रत्येक गांव में ग्राम सभाएं आयोजित करने की योजना बनाई है, उद्देश्य जी-राम-जी अधिनियम के बारे में लोगों को बताना है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार ने सुनियोजित तरीके से ग्रामीण रोजगार की मांग-आधारित प्रकृति को कमजोर किया है। काम की कानूनी गारंटी को समाप्त किया और जिम्मेदारी को विवेकाधीन आवंटनों तथा कार्यपालिका के निर्णयों पर डाल दिया है। यह करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर सीधा हमला है और स्वतंत्र भारत की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाओं में से एक को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, जिला, शहर, नगर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों सहित मोर्चा संगठन/प्रकोष्ठ-विभाग के प्रदेश अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा अग्रिम संगठनों को संगठित कर आगामी ग्राम सभाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक है कि केन्द्र की सच्चाई जनता तक पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट और शांतिपूर्ण ढंग से यह समझाना चाहिए कि कैसे भाजपा सरकार ने मजदूरों के रोजगार के गारंटीशुदा अधिकार को छीन लिया है, अधिकार-आधारित कार्यक्रम को बजट-नियंत्रित योजना में बदल दिया है, और ग्रामीण परिवारों को अधिक असुरक्षा की स्थिति में डाल दिया है।

## मैग्नेटो मॉल में गुंडागर्दी निंदनीय 24 घंटे में दोषियों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कल मैग्नेटो मॉल में जो कुछ भी हुआ, वह न केवल शर्मनाक है, बल्कि छत्तीसगढ़ की शांत और सौहार्द्रपूर्ण फिजा पर एक बदनुमा दाग है।



- नेता प्रतिपक्ष ने कहा- सख्त एक्शन नहीं लिया गया, तो कांग्रेस करेगी आंदोलन

उन्होंने कहा, क्रिसमस के पर्व पर सजावट को निशाना बनाना और वहां मौजूद आम नागरिकों व कर्मचारियों से उनका धर्म और जाति पूछकर डराना-धमकाना, यह साबित करता है कि प्रदेश में कानून का राज खत्म हो चुका है और गुंडाराज हावी है। छत्तीसगढ़ हमेशा से 'शांति का टापू' रहा है। यहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिलजुल कर प्रेम और भाईचारे के साथ अपने त्योहार मनाते आए हैं, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार के संरक्षण में असामाजिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे खुलेआम राजधानी के बीच, दिनदहाड़े लाठियों के साथ घुसकर तोड़फोड़ कर रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। किसी से उसका धर्म पूछकर उसे आतंकित करना यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति कभी नहीं रही। उन्होंने कहा, मैं राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से यह स्पष्ट मांग करता हूं कि इस घटना में शामिल उपद्रवियों की तत्काल पहचान कर उन पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। सिर्फ खानापूर्ति नहीं, बल्कि ऐसी कार्रवाई हो जो एक नजीर बने। मैं सरकार को चेतावनी देता हूं कि अगर 24 घंटे के भीतर दोषियों पर सख्त एक्शन नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हम इस मुद्दे को लेकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

---

**महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले दोषियों कठोरतम सजा देने की मांग**

# सेंगर को जमानत के विरोध में महिला कांग्रेस ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार, बलात्कार और अपराधों के मामलों को लेकर महिला कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उत्तर प्रदेश के भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दिए जाने के विरोध में आज रायपुर में महिला कांग्रेस द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया।

महिला कांग्रेस के रायपुर शहर पदाधिकारियों ने कालीबाड़ी चौक स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कुलदीप सिंह सेंगर का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महिला सुरक्षा, न्याय और दोषियों को कठोर सजा देने की मांग को लेकर नारेबाजी की। महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर को सजा सुनाई जा चुकी है, तो फिर हाईकोर्ट द्वारा जमानत दिया जाना न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में महिला अपराधों के आरोपी जमानत पर छूट जाते हैं, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। रायपुर शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता राय ने कहा, देश का कोई भी राज्य आज महिलाओं के खिलाफ अपराधों से सुरक्षित नहीं है। महिला कांग्रेस ने मांग की है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले दोषियों को बिना किसी राजनीतिक दबाव के कठोरतम सजा दी जाए, ताकि समाज में न्याय और महिलाओं का सम्मान सुनिश्चित हो सके।



### ये थीं उपस्थित

इस अवसर पर महिला कांग्रेस महासचिव गंगा यादव अनुषा श्रीवास्तव, प्रगति वाजपेई प्रवक्ता/ महासचिव, आशा चौहान उपाध्यक्ष, हजरत खान बानो, सुधा सरोज, गीता सिंह, डिंपल खान, कल्पना सागर, भुवनेश्वरी डहरिया, पुष्पलता वैष्णव सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

**॥ नाम परिवर्तन सूचना ॥**

मैं पल्लवी, पुत्री/सी/ओ 14440421P, रैंक-हवलदार, नाम-धुज राम, निवासी ग्राम सनौद, पोस्ट सनौद, तहसील गुरुर, जिला बालोद, पिन कोड 491222, राज्य छत्तीसगढ़, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे नाम में परिवर्तन किया गया है।

मेरे पिता के सेवा अभिलेख (Service Document) में मेरा नाम पल्लवी निषाद एवं जन्मतिथि 18-08-2007 अंकित है। जबकि कुछ अन्य अभिलेखों में मेरा नाम पल्लवी दर्ज है। मैंने अपने नाम की स्पष्टता एवं एकरूपता के लिए यह घोषणा की है कि पल्लवी, पल्लवी निषाद तथा **PALLAVI NISHAD** एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

इस संबंध में मैंने 19-12-2025 को नोटरी पब्लिक, बालोद (छ.ग.) के समक्ष शपथपत्र (Affidavit) निष्पादित किया है तथा प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, बालोद के न्यायालय में शपथपत्र क्रमांक 163 दिनांक 19-12-2025 के माध्यम से घोषणा की गई है।

आधार कार्ड क्रमांक 8728 1380 8656 एवं अन्य शैक्षणिक अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम पल्लवी निषाद एवं जन्मतिथि 18-08-2007 है।

भविष्य में सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी कार्यों में मेरा नाम पल्लवी निषाद मान्य किया जाए।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता/सकती है।

स्थान : बालोद

दिनांक : 19-12-2025

हस्ताक्षर (पल्लवी निषाद)

मोबाइल : 9399144091

**॥ नाम परिवर्तन सूचना ॥**

आम जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि मैं, भावेश कुमार, पुत्र (केयर ऑफ) नंबर 14440421P, रैंक हवलदार, नाम धुज राम, निवासी गांव सनोद, पोस्ट सनोद, तहसील गुरुर, जिला बालोद, छत्तीसगढ़ 491222, ने अपना नाम बदल/सुधार लिया है।

मेरा नाम पहले कुछ सर्विस/सरकारी रिकॉर्ड में भावेश कुमार के रूप में दर्ज था। मेरे आधार नंबर 4741 3088 1071, एजुकेशनल रिकॉर्ड और एफिडेविट के अनुसार, मेरा सही और पूरा नाम भावेश कुमार निषाद है।

यह बदलाव/ सुधार 22/12/2025 को बालोद (छ.ग.) में नोटरी पब्लिक के सामने दिए गए एफिडेविट के अनुसार किया गया है। अब से, मुझे सभी कामों के लिए भावेश कुमार निषाद के नाम से जाना जाएगा।

अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह तय समय के अंदर सूचित कर सकता है; अन्यथा, यह बदलाव अंतिम माना जाएगा।

शपथकर्ता: भावेश कुमार निषाद

मोबाईल- 9981087767

**॥ आम सूचना ॥**

(आवासीय परिवर्तित भूमि का खसरा नं. 835/39, रकबा 1450 वर्गफुट है जो कि मौजा चिरहुल्डीह, लक्ष्मण नगर, प.ह.न. 052 (106-ब), रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. के सबंध मे)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री लोकनाथ साहू पिता श्री छबीलाल साहू ने उपरोक्त उल्लेखित आवासीय परिवर्तित भूमि को बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उपरोक्त संपत्ति का पुर्व विक्रय विलेख जो कि खसरा नं. 835/6 का भाग, रकबा 1500 वर्गफुट को क्रेता श्री दामजी पिता हीरजी ने विक्रता श्री कृष्णकुमार सिंह चौहान पिता शिवपाल सिंह से दिनांक 15/04/1965 जिसका ग्रंथ नं. 6695, दस्तावेज क्रमांक 7209 देकर उपपंजीयन कार्यालय रायपुर में पंजीकृत किया गया था जो की कही गुम हो गया हैं। उक्त गुमा पूर्व विक्रय विलेख के संबंध में चौकी रामनगर, गुढियारी थाना, जिला रायपुर में दिनांक 20/12/2025 को सूचना दी जा चुकी है।

अतः उपरोक्त वर्णित सव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 7 (सात) दिनों के भीतर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य समझी जावेगी। तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जानें।

स्थान-रायपुर दिनांक 25/12/2025

भवदीय

आशुतोष मिश्रा (अधिवक्ता)

आफिस - एफ-3, मॉर्डन कॉम्पलेक्स, लालगंगा सिटी मार्ट के बाजू, रायपुर छ.ग. मो. 94255-48998

## खबर संक्षेप

### आरंग में आज से श्री भागवत कथा

**आरंग।** राजा मोरध्वज आरंग नगर में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक समस्त मोहल्लावासी महामाया पारा, आरंग के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस आयोजन के आयोजक रमेश तिवारी, लल्ला साहनी, परमा साहू, मनीष गुप्ता, रामनारायण सोनी, राजेश साहू, अरविंद गुप्ता, ओम देवांगन एवं घनश्याम साहू हैं, जिनके सानिध्य में यह आयोजन संपन्न होगा। कथा वाचन पंडित शंकर शर्मा (इटावा क्षेत्र, वृंदावन वाले महाराज) के मुखारविंद से किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कथा का आयोजन होगा, जिसमें भजन एवं संगीत की प्रस्तुति त्रिमूर्ति मानस मंडली बैहार द्वारा दी जाएगी। आयोजन का शुभारंभ 26 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसके पश्चात वेदी पूजन, भागवत महात्म्य एवं गौकरण कथा का आयोजन होगा। 27 दिसंबर को श्री व्यास–शुकदेव–परीक्षित जन्म, वराह अवतार, कुंती वर्णन एवं भीष्म उद्धार की कथा होगी।

### घासीदास जयंती पर कल मड़ई-मेला

**अभनपुर।** सतनामी समाज ग्राम टीला (चम्पारण) के तत्वावधान में 27 दिसंबर शनिवार को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भव्य जयंती समारोह एवं मड़ई मेला कार्यक्रम रखा गया है। एस कुमार साहू ने जानकारी देते बताया कि इस अवसर पर पंथी नृत्य दलों की प्रस्तुति एवं डॉ. राजेन्द्र रंगीला के लोक रंग ऑर्केस्ट्रा का आयोजन रहेगा।

### सरोरा में टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता 28 से

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सरोरा में फ्रेंड्स क्लब के तत्वाधान में टेनिस बॉल ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 28 दिसम्बर से रखा गया है। जिसमें 16 टीम भाग लेंगे। जिसका प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपए व शील्ड, तृतीय पुरस्कार 5 हजार एक सौ रुपए व शील्ड रखा गया है। जिसका प्रवेश शुल्क 2500 रुपए है, तथा मैंन ऑफ द सीरीज 2100 व फ़ाइनल मैंन ऑफ द मैच 1100 के साथ अन्य आकर्षक पुरस्कार रखा गया है। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि ज़िला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू, किसान नेता राजू शर्मा, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल आदि होंगे। यह जानकारी फ्रेंड्स क्लब सरोरा के संरक्षक शरद ठाकुर ने दी।

### भेखराम साहू भाजपा मोर्चा के आमंत्रित सदस्य मनोनीत

**अभनपुर।** ग्राम कन्हेरा निवासी एवं खोरपा मंडल के भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता भेखराम साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। वे रायपुर जिला ग्रामीण साहू संघ के उपाध्यक्ष भी हैं। मनोनयन पर उन्होंने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर नेहरू लाल साहू, पारसमणी साहू, अनिल साहू, हरीश वर्मा, कृष्णकांत नामदेव, डॉ. मनीष साहू, अर्जुन धीवर, रवि वर्मा, किशोर साहू, उमेंद्र साहू, जगदीश साहू, शशिकांत साहू,प्रशांत ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### गुरु घासीदास जयंती बैहार में मनाई गई

**आरंग।** जय सतनाम युवा समिति के तत्वावधान में समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा बैहार में गुरु घासीदास जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। आरंग नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 16 बैहार में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की 269वीं जयंती के अवसर पर गुरु पर्व का आयोजन किया गया।

### निधन

### सुपेत राम साहू

**आरंग।** ग्राम चपरीद निवासी 80 वर्षीय सुपेत राम साहू का मंगलवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे सुखिया बाई के पति व पवन कुमार, नन्द कुमार व शिवकुमार साहू के पिता थे।

**जयंती : अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर दी सौगात**

# पूर्व पीएम अटल बिहारी का किया यशोगान जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसीवा/कूंरा

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर आज गुरुवार को ग्राम रैता में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा एक भव्य सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली दिवस को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ ने विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा अटल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का जनरल चेकअप करने के साथ-साथ उनके ब्लड ग्रुप की जांच, ईसीजी (ECG) और अन्य महत्वपूर्ण परीक्षण किए गए। साथ ही शिविर में आने वाले प्रत्येक जरूरतमंद मरीज को डॉक्टरों के परामर्श अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। सामाजिक सरोकार को देखते हुए शिविर में रक्तदान का भी आयोजन किया गया, जहाँ युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।



### अटल जी का जीवन राष्ट्र को समर्पित था : अनुज शर्मा

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित धरसीवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने अपने संबोधन में अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधाएं पहुँचाने का सपना देखा था। आज भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उनके उसी सपने को साकार करने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित धरसींवा पूर्व मण्डल अध्यक्ष डॉ. के.के. वर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में स्वास्थ्य जागरूकता पर बल दिया। चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य केवल उपचार करना नहीं बल्कि लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करना भी है।

**इनकी भी रही उपस्थिति**-इस आयोजन में पूर्व विधायक माननीय देवजी भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढीलेन्द्र सेन ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरोज चंद्रवंशी , प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. गुलाब टिकरीया,आयोजक व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ धरसीवा के अध्यक्ष डॉ. दुर्गेश साहू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अटल की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया और पुष्पांजलि अर्पित की

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित अधिकारी और नागरिकों ने प्र सुशासन की शपथ ली और पारदर्शी प्रशासन का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिमा स्थल की स्वच्छता और माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा सुशासन और आमजन के हित में लिए गए निर्णय आज भी प्रेरणादायक हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क विकसित करने, देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने और विद्युत नियामक आयोग की स्थापना जैसे अस्मरणीय योगदानों का उल्लेख किया। भाजपा नेता राम पंजवानी ने अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना तक सुशासन से लेकर भारत की बौद्धिक प्रतिष्ठा बढ़ाने तक अटल जी के सभी निर्णय राष्ट्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में थे। पार्षद रानी सौरभ ने कहा राष्ट्र को सर्वोपरि रखने वाले स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के विचार कवि हृदय ओजसी व्यक्तित्व शैली और कुशल नेतृत्व ने उन्हें जनप्रिय नेता बनाया उन्होंने यह भी कहा कि अटल जी की विकसित भारत का सपना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार कर रहे हैं। भाजपा के शहर महामंत्री सुरेश वर्मा ने अपने



संबोधन में कहा अटल बिहारी वाजपेई ने अपना संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा और नेशन फर्स्ट की भावना को समर्पित कर दिया वे सच्चे अर्थों में जननायक थे जिनके विचार आज भी मार्गदर्शन है। लख्मीचंद राघवानी ने कहा कि अटल जी की कविताओं और रचनाओं में देशभक्ति का अद्भुत भाव देखने को मिलता है उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनकी विचारधारा और संघटनात्मक सोच से प्रेरणा लेकर संगठन को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया।

### डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन

इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही उनके विचारों से प्रेरित होकर केंद्र के पिछले11 वर्षोंऔर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की झलक भी प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम में धर्मेन्द्र धरिया ,नरेंद्र शर्मा, सौरभ जैन राजकुमार ,विनोद नेताम नगर पालिका अधिकारी ठाकुर उपस्थित थे।

### नपं कूंरा और खरोरा मेंअटल परिसर लोकार्पित

**सिलयारी।** स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती पर सुशासन दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में 115 अटल परिसरों का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। जिसमें धरसींवा विधानसभा के नगर पंचायत कूंरा व खरोरा भी शामिल रहा। वही अटल जी के जयंती पर ग्राम रैता में रक्तदान शिविर व धनेली में युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसमें विधायक अनुज शर्मा सम्मलित हुए । इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज हम सबके लिए एक अत्यंत गौरवशाली और भावुक दिन है। आज भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, ओजस्वी वक्ता और हम सबके मार्गदर्शक, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म-जयंती है। इस पावन अवसर पर, मैं उनकी स्मृतियों को नमन करता हूँ और पूरे राज्य की जनता की ओर से उन्हें कोटि-कोटि श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण, व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अटल परिसर का लोकार्पण हितग्राहियों को मिली सौगात

**आरंग।** 25 दिसंबर को नगर पालिका परिषद आरंग के वार्ड क्रमांक 17 कलई तिगड्डा चौक के पास नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका द्वारा 30.00 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत नगर के तीन स्थानों पर पौधों की देखभाल, संरक्षण एवं संवर्धन करने वाली महिला स्व सहायता समूह की कर्मचारियों को नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन के मुख्य आतिथ्य में साड़ी एवं अन्य संबंधित सामग्री का किट प्रदान



किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी हितग्राहियों को आवास निर्माण के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, नगर पालिका के उपाध्यक्ष m हीरामन कोसले, पार्षदगण नरेंद्र लोधी, पुष्कर साहू, वीरेंद्र गोलू कंडरा, भानमति राकेश सोनकर, चित्ररेखा विक्रम परमार, आरंग भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, उपस्थित रहे। नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त किया।

## तरपोंगी स्कूल में पूर्व छात्रों ने शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरपोंगी

स्थानीय हाई स्कूल तरपोंगी में 2005 - 06 के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनों का सम्मान समारोह एवं छात्रों का मिलन समारोह का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर राज गीतों के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 2005- 06 के शाला नायक रहे



छात्र बंधू वर्मा के कुशल नेतृत्व में सभी सहपाठियों का भरपूर सहयोग एवं पूर्व छात्र रहे हेमंत निषाद, खुमान वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। गुरुजन व छात्र-छात्राओं ने अपनी भूली बिसरी यादें साझा किया। सभी अपने पुराने गुरुजन व विद्यार्थियों से मिलकर बहुत आंनदित हुए। इस समारोह में गुरुजन जे आर बघेल, एस के कश्यप, डी पी वर्मा, एम आर साहू, जयश्री राठौर, ललिता भोई , एस खलखो, सज्जन शर्मा, अशोक वर्मा, आर के पाटकर, तरपोंगी के प्राचार्य एस आर धिरही मुख्य रूप से उपस्थित होकर समारोह को गरिमा प्रदान किये। सभी गुरुजनों का छात्रो द्वारा शाल, श्रीफल व मोमेंटो द्वारा सम्मान किया गया।

## क्रिकेट में पंडरभट्टा टीम की 63 रन से हुई जीत

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगे। उद्घाटन मैच ग्राम खर्रा व पंडरभट्टा के बीच खेला गया। खर्रा के टीम ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया। पंडरभट्टा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 8 ओवर में 5 विकेट खो कर 105 रन बनाये। जिसके जवाब में खर्रा के टीम ने 8 ओवर में 9 विकेट खो कर मात्र 42 रन ही बना पाए। इस तरह पंडरभट्टा की टीम 63 रन से विजयी रही। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुरेश निषाद पंडरभट्टा रहे। उद्घाटन मैच के मुख्य



अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा थे। इस अवसर पर सरपंच रजत कश्यप, सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम निषाद, पंच प्रतिनिधि सीताराम साहू, रामेश्वर विश्वकर्मा, संतराम साहू, पंच प्रतिनिधि रामजी साहू, पंकज यादव, संजय वर्मा, लव यदु, मुकेश वर्मा, गज्जू चौहान, रिंकू यदु, सूरज यादव, पीतांबर वर्मा, नंद कुमार साहू, गोलू साहू, यशवंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कूंरा सेक्टर में ईसीसीई दिवस पर सजाया बचपन का मेला

**कूंरा।** धरसीवां 02 परियोजना क्षेत्र में आज बचपन की मुस्कानों, रंग-बिरंगे स्टॉल और खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों के बीच **ECCE** मेले का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर (छत्तीसगढ़) तथा सहयोगी संस्था एडुवीव फाउंडेशन द्वारा संचालित गढ़बो बचपन परियोजना के अंतर्गत, **ECCE** दिवस के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह आयोजन धरसीवां 02 परियोजना के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पंचायत स्तर पर किया गया। मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा भाषा, गणित, कला-क्राफ्ट, पुस्तकालय, खेल, स्थानीय व्यंजन, रचनात्मक गतिविधियाँ एवं बाल-लाइब्रेरी जैसे विभिन्न थीम पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए गए। बच्चे और उनके अभिभावक पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में सहभागी बने—कहीं पहेलियाँ सुलझाई गईं, कहीं कहानियों की दुनिया सजी, तो कहीं रंगों के माध्यम से कल्पनाओं को उड़ान मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, उपाध्यक्ष राजा भैया, पार्षद संतोष साहू, रेखराज देवांगन, ईश्वर यादव मितानिन हेमिन साहू शामिल हुए। धरसीवां 02 परियोजना क्षेत्र में **ECCE** गतिविधियों का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हमारी प्राथमिकता है। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा खेलते हुए सीखे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े।"कार्यक्रम की सफलता में धरसीवां 02 कुंरा की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षक कुंती साहू एवं गढ़बो बचपन टीम के समर्पण और मेहनत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## क्रिसमस पर गिरजाघरों को सजाया और यीशु के जन्मोत्सव में हुई प्रार्थना सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा







तिल्दा नेवरा में गुरुवार को क्रिसमस डे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेंट थामा चर्च और एबी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई. दोनों चर्च को रंगीन लाइटों से सजाया गया था। सुबह 9 से 10 बजे तक प्रार्थना सभा हुई, सेंट थामा चर्च में फादर प्रमेन्द्रसिह और एबी चर्च में अजय मसीह ने प्रार्थना कराई.. प्रार्थना में शांति और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं।

25 दिसंबर को क्रिसमस डे को लेकर ईसाई धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल रहा ।प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव को लेकर गुरुवार को गिरिजा घर गुलजार रहें .यहाँ पहले से ही प्रार्थना सभाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के दोनों चर्च में गुरुवार को विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। प्रर्थना में शामिल होने 80 साल पुरानी सेंट थामा चर्च और मिशन कोलोनी गेट के सामने स्थित एबी चर्च में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था .।

ऐसे क्रिसमस डे का जश्न बुधवार की आधी रात 12 बजे प्रभु यीशु.के जन्म लेने के साथ ही शुरू हो गया था . जैसे हि प्रभु यीशु. के जन्मलिया गिरजाघर में घंटिया बजने लगी. नवजात यीशु के प्रतिमा को गौशाला में स्थापित कर उन्हें नमन किया गया । मुख्य पुजारी ने विशेष प्रार्थना कराई और प्रभु के उपदेश को सुनाया.चर्च के बाहर व घरो में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में लोग ख़ुशी में झूमते आतिशबाजी करते रहे . और आधी रात एक-दूसरे के घर जाकर क्रिसमस की बधाई देकर खुशियां बांटते जन्म उत्सव के रंगमें रंगे रहे, इस मौके पर केक काटकर लोगो ने एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई दी।

फादर प्रमेन्द्र सिह ने कहा यह त्योहार हमें जीवन में आशा, खुशी और दूसरों के प्रति दया का भाव रखने की प्रेरणा देता है. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रभु यीशु का जन्म शांति का प्रतीक है। शांति के लिए उन्होने जीवन भर प्रयास किए। संसार के ऐसे लोग जो मृत्युदंड पाने को है वे आज के दिन यीशु की प्रार्थना करे।इस मौके पर फादर ने प्रभु यीशु केकहे सात वचनों पर अमल करने के लिए प्रेरित कयिा उन्होंने संदेश,कहा इन सात वचनों का जीवन में बड़ा महत्व है प्रभु यीशु के वचनों को एक-एक करके बताया और जीवन में उनका महत्व भी समझाया।एबीचढ़ में फास्टर अजय मसीह ने भी प्रभु यीशु मसीह के संदेश पढ़े.चर्च बधाई गीत भी गूंजे।

## पेज 11 के शेष

### नए वर्ष में ड्रंक ...

परोसने अनुमति मांगी थी, जिनमें 20 फार्म हाउस तथा रेस्टोरेंट संचालक शामिल थे। इस वर्ष 31 दिसंबर तथा एक जनवरी को शराब परोसने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा आवेदन आने की उम्मीद जिला प्रशासन तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों को है।

### अमन गैंग का ...

के कोरबा तथा रायपुर सिविल लाइंस स्थित कार्यालय के साथ तेलीबांधा स्थित पीआरए ग्रुप में फायरिंग करवाई थी।
क्राइम डीएसपी संजय सिंह के अनुसार मयंक सिह से रायपुर की घटना को लेकर लगातार पूछताछ की जा रही है। मयंक सिंह हार्डकोर अपराधी है, इस वजह से उससे अन्य अपराधियों से जैसे पूछताछ की जाती है, इसके विपरीत मनोवैज्ञानिक तथा तकनीकी आधार पर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन साव तथा मयंक सिंह के झारखंड, राजस्थान, हरियाणा तथा मध्यप्रदेश में 40 से ज्यादा शूटर हैं।

### अमन साव से ...

के लिए मीटिंग कर लेता था। मयंक सिंह अमन को इंटरनेट कॉल कर अपने टार्गेट के बारे में जानकारी देता था। इसके बाद अपने लोकल गुर्गों के माध्यम से हथियार से लेकर शूटरों की व्यवस्था करता था।

### फील्डिंग ऐसी कि...

माध्यम से संपर्क करते थे। जिस दिन घटना को अंजाम देना रहता था, उसी दिन बदमाशों का एक दूसरे से आमना सामना होता था। सावधानी बरतने की वजह किसी बदमाश के पकड़े जाने पर वह अपने अन्य साथियों के नाम पुलिस को न बता पाए, इस बात को ध्यान में रखते हुए मयंक सिंह सावधानी बरतता था।

### अगले 48 घंटे में 2 ...

हालातों को देखते हुए जनवरी माह में भी कड़ाके की ठंड पड़ने की आशंका है। ऐसे में अगले सप्ताह भी कड़ाके की ठंड जारी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.2 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में दर्ज किया गया। यहां पारा 5.7 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह देर तक लोगों को हाड़ कंपाने वाली सर्दी का सामना करना पड़ रहा है।

### अंतिम तिथि में ...

माध्यम से आवेदन पूरा करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी जो बीच में अटक गए थे और मौका चूकने की आशंका में थे, उनके लिए यह आखिरी अवसर होगा।
**शिकायतों की हुई समीक्षा** -शिकायतों की समीक्षा के बाद सीबीएसई ने कहा कि सीटेट परीक्षा लगभग एक वर्ष के अंतराल के बाद आयोजित हो रही है, इसलिए बोर्ड ने इस मामले में सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। जिन उम्मीदवारों ने पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की थी, उन्हें एक बार आवेदन पूरा करने का मौका दिया जाएगा। सीबीएसई के अनुसार, यह सुविधा 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 30 दिसंबर को रात 11.59 बजे तक उपलब्ध रहेगी। यह विंडो केवल पहले से शुरू किए गए रजिस्ट्रेशन को पूरा करने के लिए होगी।
**नए रजिस्ट्रेशन और सुधार नहीं**-बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इस विशेष अवधि में किसी भी प्रकार का नया रजिस्ट्रेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को अंतिम सबमिशन से पहले अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक जांचने होंगे। सीटेट नोटिस में कहा गया है कि इसके बाद किसी भी प्रकार के सुधार का अवसर नहीं दिया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सभी आवश्यक सुधार इसी अंतिम प्रक्रिया के दौरान करने की सलाह दी गई है। सीबीएसई ने दोहराया है कि यह सुविधा केवल एक बार के लिए है और अभ्यर्थियों को तय समय के भीतर प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है, ताकि वे परीक्षा से वंचित न रहें।

### 7 वर्ष इंतजार बाद...

जाएगी, जहां पद रिक्त हैं। व्याख्याता के रिक्त पदों की पूर्ति होने से विद्यार्थियों को भी लाभ होगा एवं पदोन्नति का इंतजार कर रहे शिक्षक भी लाभान्वित होंगे।

## सगुनी में अटल बिहारी की जयंती मनाई गई



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, स्थानीय सरपंच रजत कश्यप, सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम निषाद, पवन वर्मा, पंच प्रतिनिधि सीताराम साहू ,पंच राजू साहू, नारायण वर्मा, आशीष दास महंत, मोहन दास मानिकपुरी, संतराम साहू, मनहरण यदु आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास बाबा के जयंती समारोह में पहुंचे सांसद-मंत्री



रायपुर। खम्हारडीह में गुरु घासीदास बाबा का 269वां जयंती समारोह 1 दिसंबर से 25 दिसंबर तक मनाया गया। जहां रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री दयालदास बघेल व गुरु खुशवंत साहेब समेत अन्य जनप्रतिनिधि अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। 1 दिसंबर को गुरुपर्व की शुरुआत में पहलेदिन खम्हारडीह बस्ती सतनाम मंदिर प्रांगण में 1100 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। वहीं 18 दिसंबर को जयंती अवसर पर गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना की गई। 23 दिसंबर को जयंती कार्यक्रम, पंथी पार्टी की प्रस्तुति समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# साल के अंत में प्याज और लहसुन ने खाया भाव, नई फसल के बाद दाम अब डबल

## नया प्याज आने के बाद दाम अब चिल्हर में 40 रुपए, लहसुन के दाम 160 से 220 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

सालभर प्याज के दाम चिल्हर में 20 से 25 रुपए तक ही रहे हैं, लेकिन प्याज की नई फसल आने के बाद इसके दाम अब डबल हो गए हैं। थोक में दाम जहां 20 से 25 रुपए हैं, वहीं चिल्हर में इस समय दाम 35 से 40 रुपए हो गए हैं। इसी के साथ लहसुन ने भी भाव खाना प्रारंभ कर दिया है। कुछ समय पहले छोटी साइज की लहसुन थोक में 60 रुपए और चिल्हर में 80 रुपए, बड़ी साइज की थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए में बिक रही थी। अब इसके दाम भी डबल हो गए हैं। प्याज के दाम आमतौर पर रुलाने का काम करते हैं, लेकिन इस बार साल भर प्याज के दाम ने राहत देने का काम किया। प्याज के दाम थोक में 12 से 14 रुपए और चिल्हर में 20 से 25 रुपए रहे हैं। सब्जी मंडी वाले बाजार में प्याज जहां 20 रुपए किलो बिक रहा था, वहीं किराना दुकानों और ठेलों में इसके दाम 25 रुपए थे। लेकिन अब इसके दाम अचानक से बढ़ गए हैं। इसके पीछे का कारण यह है अब नया प्याज बाजार में आ गया है। महाराष्ट्र से इस समय प्याज आ रहा है। इसके दाम रायपुर की थोक मंडी 20 से 25 रुपए है। लेकिन इसी के साथ शहरों के थोक दुकान में इसके दाम 28 रुपए तक हैं।



### सालभर बाद लहसुन के दाम बढ़े

इस साल लहसुन के दाम बहुत कम रहे हैं। वरना एक साल पहले बीते साल दिसंबर में इसके दाम चिल्हर में चार सौ रुपए से ज्यादा थे। इस साल फसल आने के बाद इसके दाम कम होते गए और दाम एकदम से जमीन पर आ गए। करीब साल भर तक इसके दाम थोक और चिल्हर में बहुत कम रहे। करीब तीन साल बाद इस साल ठेलों पर भी लहसुन बिकी। अभी एक सप्ताह पहले तक छोटी साइज की लहसुन के दाम थोक में 60 रुपए और चिल्हर में 80 से 100 थे। एक किलो लेने पर जहां 80 रुपए दाम लग रहे थे, वहीं आधा किलो लेने पर 50 रुपए और एक पाव के 25 रुपए लग रहे थे। अब छोटी साइज की लहसुन के दाम थोक में 120 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम किलो में 150 रुपए और पाव में 40 रुपए हो गए हैं। बड़ी साइज की लहसुन के दाम थोक में 170 से 180 रुपए और चिल्हर में 220 किलो है। पाव लेने पर 60 रुपए लग रहे हैं। लहसुन की नई फसल नए साल में आएगी तभी दाम कुछ कम होंगे।

## निधन

### मांगीलाल बरडिया



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी समाजसेवी मांगीलाल बरडिया का 25 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 दिसंबर को सुबहर 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे रविंद्र, रमेश के बड़े भाई एवं भावेश, दीपेश, कुणाल, प्रांजल के बड़े पिताजी थे।

### किरण मुकुटलाल जोशी



रायपुर। वीरबाई जलाराम अपार्टमेंट आमासिवनी निवासी किरण मुकुटलाल जोशी का 25 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रीना जोशी के पति एवं गौरव जोशी के पिता थे।

### हेमंत अग्रवाल



रायपुर। आनंद नगर निवासी हेमंत अग्रवाल का स्वर्गवास 25 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार दोपहर 12 बजे आनंद नगर स्थित उनके निवास से मा र वा ड़ी मुक्तिधाम जाएगी। वे अमित व सुमित अग्रवाल के पिता थे।

### ब्रिज का निर्माण होने के बाद गाड़ियां जाम में फंसे बगैर आसानी से आवागमन कर पाएंगी

# सिलियारी रेलवे क्रासिंग पर जाम से मिलेगी मुक्ति, 900 मीटर लंबा बनेगा ओवरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर से करीब 34 किलोमीटर दूर सिलियारी रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से अब लोगों को मुक्ति मिलेगी। इस रेलवे क्रासिंग पर अब 900 मीटर लंबा एवं 13 मीटर चौड़ा ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए टेंडर जारी कर एजेंसियों से आवेदन मंगाए हैं। इस ब्रिज का निर्माण होने के बाद गाड़ियां जाम में फंसे बगैर आसानी से आवागमन कर पाएंगी।

### क्रासिंग बंद होने से दिनभर में कई बार लगता है जाम

सिलियारी रेलवे लाइन से यात्री एवं मालगाड़ी मिलाकर 100 से अधिक ट्रेनें हर दिन गुजरती हैं। इन ट्रेनों के कारण सिलियारी रेलवे लाइन क्रासिंग बार-बार बंद करना पड़ता है। क्रासिंग बंद होते ही रेलवे लाइन क्रासिंग के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति बनते रहती है। कई बार तो आपातकालीन परिस्थिति होने के बाद भी लोगों को इस क्रासिंग में फंसना पड़ता है। यहां तक कि एंबुलेंस भी इस क्रासिंग में कई बार फंस चुकी हैं।



### औसतन हर आधे घंटे में बंद होता है रेलवे क्रासिंग

रेलवे सूत्रों के अनुसार सिलियारी रेलवे मार्ग से औसतन हर आधे घंटे के अंतराल में एक ट्रेन गुजरती है। इसमें यात्री एवं मालगाड़ी दोनों ट्रेन शामिल हैं। यह रेलवे क्रासिंग हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग का हिस्सा है। इस क्रासिंग से हावड़ा-मुंबई से चलने वाली ट्रेनें भी गुजरती हैं। ट्रेन के गुजरने के दौरान रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया जाता है। रेलवे क्रासिंग बंद होने से सबसे अधिक जाम की स्थिति सुबह, दोपहर और शाम के समय रहती है। वर्किंग और स्कूल जाने और आने का समय यहीं रहता है, इसलिए इस समय में जाम ज्यादा लगता है।

### थ्री-लेन का बनेगा ब्रिज

सिलियारी रेलवे क्रासिंग में प्रस्ताव ओवरब्रिज थ्री-लेन का होगा। पीडब्ल्यूडी ने रेल ओवरब्रिज के प्रस्तावित स्थानों के आसपास मेजरमेंट का काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सर्वे भी किया जा रहा है। स्वीकृति मिलते ही विभाग जल्द ही जगह-जगह पर बोरिंग करके यह देखेगा कि ब्रिज के पिलर के लिए मिट्टी किस तरह की है। उसी के आधार पर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किया जाएगा।

### दो साल के भीतर तैयार होगा ब्रिज

*पीडब्ल्यूडी सूत्रों के अनुसार ब्रिज का निर्माण के लिए 44 करोड़ बजट की स्वीकृति मिली है। इसके अनुसार टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर खुलने के बाद वर्क ऑर्डर जारी होने के दिन से लेकर ब्रिज का निर्माण दो साल के भीतर पूरा करना होगा। इसमें बारिश सीजन के महीने भी शामिल रहेंगे।*

### हर दिन एक लाख से ज्यादा गुजरते हैं वाहन

*सिलियारी रेलवे क्रासिंग से हर दिन एक लाख से ज्यादा वाहन गुजरते हैं। फाटक बंद होने के दौरान इन गाड़ियों के कारण ही यहां जाम की स्थिति बनती है। इन गाड़ियों में भारी वाहन भी हैं।*

### रायपुर में किराए के मकान में रहता था

# साढ़े पांच लाख रुपए की अफीम के साथ ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



डीडीनगर थाना तथा क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक ट्रक ड्राइवर को नए साल में खपाने लाई साढ़े पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत की एक किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है, वह मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है। वह लंबे अरसे से डीडीनगर में किराए के मकान में रह रहा था।

अफीम तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने सरोना, प्रार्थिव प्रोविंस निवासी दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वह खुद नशे का आदी है। कुछ माह पूर्व दिलबाग अपने खुद के ट्रक में माल लोड कर उत्तर-पूर्व राज्य गया था। ट्रक खराब होने के बाद ट्रक को उत्तर-पूर्व राज्य में छोड़ दिलबाग रायपुर लौट आया। रायपुर लौटने के बाद दिलबाग अपने संपर्क के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी करने लगा। पुलिस को दिलबाग के पास भारी मात्रा में अफीम होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने दिलबाग की घेराबंदी कर उसके बैग की तलाशी ली, तो बैग में मादक पदार्थ मिला। बताया जा रहा है, दिलबाग नए साल में अफीम को खपाने के लिए पंजाब से तस्करी कर मंगाया था। दिलबाग से मादक पदार्थ खरीदी-बिक्री करने वालों के बारे में जानकारी जुटाकर पुलिस कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

### जोगी निवास पहुंचे सामाजिक मुखिया और जनप्रतिनिधि



रायपुर। क्रिसमस पर्व की बधाई देने गुरुवार को अनेक समाजों के मुखिया एवं जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री निवास के सामने स्थित जोगी निवास पहुंचे। जोगी परिवार ने बधाई देने पहुंचे लोगों को भोजन पर आमंत्रित किया और सभी मुखिया भोज पर शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, अजय जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, मनोहर तांडी, संतोष गायकवाड़ आदि शामिल रहे।

### पूर्व पीएम अटलजी की जयंती पर किया नमन



रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का 101वीं जयंती सुशासन दिवस पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद गायत्री नौरंगे, रायपुर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आमजनों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

बिजनेस साइट

### सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया 115वां स्थापना दिवस



रायपुर। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने देशभर में विविध स्मरणीय कार्यक्रमों के साथ अपना 115वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) के सचिव श्री एम. नागराजू, आईएएस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए श्री एम. नागराजू ने कहा कि भारत के प्रथम स्वदेशी बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा बनना उनके लिए गौरव की बात है. उन्होंने देश की बैंकिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा समावेशी आर्थिक विकास को समर्थन देने में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया. उन्होंने पूरे भारत में वित्तीय समावेशन के विस्तार और ग्राहक-केन्द्रित सेवाएँ प्रदान करने के लिए बैंक के निरंतर प्रयासों की सराहना की. श्री नागराजू ने बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला के कथन का उल्लेख करते हुए कहा,

"एक अच्छे बैंक के लाभ केवल उसके बैंकिंग हॉल की चार दीवारों तक सीमित नहीं होते, न ही वे उसके बैंकिंग व्यवसाय की सीमाओं तक बंधे रहते हैं; वे व्यापार, उद्योग तथा आर्थिक गतिविधि की प्रत्येक शाखा तक व्यापक रूप से विस्तारित होते हैं."

### हेयर एंड केयर विविग पॉइंट : सेंट्रल इंडिया का सबसे भरोसेमंद सेंटर

*रायपुर। 20 वर्षों के अनुभव के साथ, बिना सर्जरी केवल 1 घंटे में हेयर रिप्लेसमेंट किया जाता है। बाल झड़ने की समस्या आज हर उम्र के लोगों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। इसी समस्या का भरोसेमंद और स्थायी समाधान प्रदान कर रहा है "हेयर एंड केयर", जो पिछले 20 वर्षों से सेंट्रल इंडिया का सबसे विश्वसनीय हेयर वीविंग एवं हेयर रिप्लेसमेंट सेंटर के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। हेयर एंड केयर की सेवाएं केवल रायपुर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संस्थान छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। यहां अमेरिकन टेक्निक के माध्यम से बिना किसी सर्जरी के मात्र 1 घंटे में हेयर रिप्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे ग्राहकों को प्राकृतिक, सुरक्षित और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला परिणाम मिलता है। संस्थान में पुरुषों एवं महिलाओं दोनों के लिए हेयर वीविंग, हेयर पैच, हेयर बॉन्डिंग और हेयर रिप्लेसमेंट जैसी अत्याधुनिक सेवाएं अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाती हैं। यहां उपयोग की जाने वाली तकनीकें पूरी तरह सुरक्षित हैं और ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार व्यक्तिगत समाधान उपलब्ध कराए जाते हैं।*

### राज्य स्तरीय नेत्र रोग सम्मेलन में श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों को मिला सम्मान



रायपुर। राज्य स्तरीय नेत्र रोग सम्मेलन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर हमारे अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा प्रस्तुत किए गए शोध कार्यों को उनकी उच्च वैज्ञानिक गुणवत्ता, मौलिकता एवं व्यावहारिक उपयोगिता के लिए विशेष रूप से सराहा गया। सम्मेलन की तैयारी एवं अकादमिक मार्गदर्शन में हमारे अस्पताल की निदेशक डॉ. अमृता एवं डॉ. रोहित का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दोनों के नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन में चिकित्सकों की टीम ने उत्कृष्ट तैयारी के साथ सम्मेलन में सहभागिता की तथा संस्थान का प्रभावी और गरिमापूर्ण प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया। इसी क्रम में, उत्कृष्ट अकादमिक योगदान एवं शोध की श्रेष्ठता को मान्यता देते हुए हमारे अस्पताल के निम्नलिखित चिकित्सकों को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जो संपूर्ण संस्थान के लिए अत्यंत गौरव का विषय है-

पुरस्कार से सम्मानित चिकित्सकः- डॉ. रोहित, डॉ. अपूर्वा, डॉ. स्नेहा साथ ही, डॉ. जगदीश, डॉ. स्निग्धा, डॉ. रुचिता एवं डॉ. मीनाक्षी ने भी अपने उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सम्मेलन में अस्पताल (श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल ) का नाम रोशन किया। उनकी प्रस्तुतियों को भी उपस्थित वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया।

# अब इग्नू के लिए भी अपार आईडी अनिवार्य, इसके बगैर नहीं कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के लिए अपने सभी ऑनलाइन कोर्सेज में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नियमित विश्वविद्यालयों के साथ अब इग्नू में भी दाखिले के लिए अपार आईडी अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी इग्नू के ऑनलाइन पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिनके पास अपार आईडी है। आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन हैं और इसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी है। यह पहली बार है कि इग्नू के ऑनलाइन पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिए अपार आईडी होना अनिवार्य है। बिना अपार आईडी के फॉर्म सब्मिट ही नहीं होगा। फॉर्म भरते समय विद्यार्थियों को अपार आईडी की डिटेल्स डालनी पड़ेंगी। यदि किसी विद्यार्थी के पास अपार आईडी नहीं है तो संबंधित पोर्टल पर जाकर सर्वप्रथम इसका निर्माण करना होगा। गौरतलब है कि यह शिक्षा मंत्रालय की वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी स्कीम का हिस्सा है।

### वापस नहीं होगी रजिस्ट्रेशन फीस

इसके अलावा इग्नू ने पैसे के मामले में सावधानी बरतने कहा है। रजिस्ट्रेशन फीस किसी भी हालत में रिफंड नहीं होगी, लेकिन अगर आपने प्रवेश कन्फर्म होने से पहले कोई प्रोग्राम फीस या दूसरा शुल्क जमा किया है तो इग्नू के नियमों के अनुसार वो वापस मिल सकता है, इसलिए कोर्स का चुनाव सावधानीपूर्वक करने और इसके बाद फॉर्म भरने कहा गया है। इसके अलावा छात्रों को फॉर्म भरने से पहले सारे जरूरी डॉक्यूमेंट्स की स्कैन कॉपी तैयार रखने कहा गया है। पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षणिक योग्यता सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज छात्रों को ऑनलाइन अपलोड करने होंगे।

# छात्रावासों का सर्वेक्षण करेगा विद्यार्थियों का समूह, एबीवीपी कार्यकर्ता भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- अभाविप में सत्र 2024-25 में दर्ज की गई एक लाख 91 हजार छात्रों की सदस्यता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रावास सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा। एबीवीपी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी इसमें शामिल रहेंगे। इसके माध्यम से प्रदेशभर के छात्रावास में छात्रों की समस्याओं को जाना जाएगा तथा उन्हें दूर करने प्रयत्न किए जाएंगे। यह निर्णय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 58वें प्रांत अधिवेशन में लिए गए। भिलाई में हुई इस बैठक के संदर्भ में गुरुवार को राजधानी रायपुर के प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता रखी गई। जहां पदाधिकारियों ने अधिवेशन में लिए गए निर्णयों की जानकारी साझा की। इस अधिवेशन में प्रदेद से 557 कार्यकर्ता शामिल हुए। सत्र 2024–25 में अभाविप ने प्रदेश में 1,91,086 नए छात्रों को सदस्य के रूप में जोड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छत्तीसगढ़ के सत्र 2025–26 के लिए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार पाण्डेय एवं प्रदेश मंत्री अनंत सोनी को घोषित किया गया। विभिन्न विषयों पर परिसंवाद और प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।



### नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कार्यालय की मांग

*अभाविप द्वारा आगामी कार्यक्रमों की घोषणा भी की गई। प्रतिनिधि कार्यकर्ताओं को इसके लिए प्रेरित करते हुए कहा गया कि वे अपने केंद्रों पर संपूर्ण दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ काम कर सभी शैक्षिक संस्थानों एवं समाज तक विद्यार्थी परिषद का संदेश पहुंचाएं। अधिक से अधिक संख्या में छात्रों को अभाविप की योजनओं और रणनीति से जोड़ने लक्ष्य दिया गया। इसके अलावा छात्रों के विकास के लिए प्रस्ताव भी तैयार किया गया। अब इसे सरकार को प्रेषित किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्णकालिक कार्यालय की स्थापना, शैक्षणिक संस्थानों में नशामुक्ति जागरुकता, खेल व कौशल विकास और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक एवं समाज-विरोधी सामग्री पर सख्त नियंत्रण, आत्मसमर्पण कर रहें नक्सलियों के पुनर्वास, स्वालंबन एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी मांग शामिल रही।*

### नए वर्ष में ड्रंक एंड ड्राइव...

परोसने अनुमति मांगी थी, जिनमें 20 फार्म हाउस तथा रेस्टोरेंट संचालक शामिल थे। इस वर्ष 31 दिसंबर तथा एक जनवरी को शराब परोसने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा आवेदन आने की उम्मीद जिला प्रशासन तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों को है।

### अमन गैंग का ऑपरेशनल हेड...

के कोरबा तथा रायपुर सिविल लाइंस स्थित कार्यालय के साथ तेलीबांधा स्थित पीआरए ग्रुप में फायरिंग करवाई थी।
क्राइम डीएसपी संजय सिंह के अनुसार मयंक सिह से रायपुर की घटना को लेकर लगातार पूछताछ की जा रही है। मयंक सिंह हार्डकोर अपराधी है, इस वजह से उससे अन्य अपराधियों से जैसे पूछताछ की जाती है, इसके विपरीत मनोवैज्ञानिक तथा तकनीकी आधार पर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन साव तथा मयंक सिंह के झारखंड, राजस्थान, हरियाणा तथा मध्यप्रदेश में 40 से ज्यादा शूटर हैं।

### अमन साव से इंटरनेट कॉल...

के लिए मीटिंग कर लेता था। मयंक सिंह अमन को इंटरनेट कॉल कर अपने टार्गेट के बारे में जानकारी देता था। इसके बाद अपने लोकल गुर्गों के माध्यम से हथियार से लेकर शूटरों की व्यवस्था करता था।

## पेज 11 के शेष

### फील्डिंग ऐसी कि कोई एक दूसरे को...

माध्यम से संपर्क करते थे। जिस दिन घटना को अंजाम देना रहता था, उसी दिन बदमाशों का एक दूसरे से आमना सामना होता था। सावधानी बरतने की वजह किसी बदमाश के पकड़े जाने पर वह अपने अन्य साथियों के नाम पुलिस को न बता पाए, इस बात को ध्यान में रखते हुए मयंक सिंह सावधानी बरतता था।

### अगले 48 घंटे में 2 डिग्री और गिरेगा...

हालातों को देखते हुए जनवरी माह में भी कड़ाके की ठंड पड़ने की आशंका है। ऐसे में अगले सप्ताह भी कड़ाके की ठंड जारी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.2 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में दर्ज किया गया। यहां पारा 5.7 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह देर तक लोगों को हाड़ कंपाने वाली सर्दी का सामना करना पड़ रहा है।

### सीटेट 2026..

माध्यम से आवेदन पूरा करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी जो बीच में अटक गए थे और मौका चूकने की आशंका में थे, उनके लिए यह आखिरी अवसर होगा।

शिकायतों की हुई समीक्षा - शिकायतों की समीक्षा के बाद सीबीएसई ने कहा कि सीटेट परीक्षा लगभग एक वर्ष के अंतराल के बाद आयोजित हो रही है, इसलिए बोर्ड ने इस मामले में सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। जिन उम्मीदवारों ने पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की थी, उन्हें एक बार आवेदन पूरा करने का मौका दिया जाएगा। सीबीएसई के अनुसार, यह सुविधा 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 30 दिसंबर को रात 11.59 बजे तक उपलब्ध रहेगी। यह विंडो केवल पहले से शुरू किए गए रजिस्ट्रेशन को पूरा करने के लिए होगी।
नए रजिस्ट्रेशन और सुधार नहीं - बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इस विशेष अवधि में किसी भी प्रकार का नया रजिस्ट्रेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को अंतिम सबमिशन से पहले अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक जांचने होंगे। सीटेट नोटिस में कहा गया है कि इसके बाद किसी भी प्रकार के सुधार का अवसर नहीं दिया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सभी आवश्यक सुधार इसी अंतिम प्रक्रिया के दौरान करने की सलाह दी गई है। सीबीएसई ने दोहराया है कि यह सुविधा केवल एक बार के लिए है और अभ्यर्थियों को तय समय के भीतर प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है, ताकि वे परीक्षा से वंचित न रहें।

### सात वर्ष इंतजार के बाद अब होगी...

जाएगी, जहां पद रिक्त हैं। व्याख्याता के रिक्त पदों की पूर्ति होने से विद्यार्थियों को भी लाभ होगा एवं पदोन्नति का इंतजार कर रहे शिक्षक भी लाभान्वित होंगे।

# साइकिलें गायब, स्टेशन बदहाल, ब्लूटूथ-जीपीएस सिस्टम बॉक्स हुए खराब

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में साइकलिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने कई साल पहले पब्लिक बाइसिकिल शेयरिंग स्कीम (पीबीएस) योजना लाकर इसके तहत व्यापक साइकिलिंग ट्रैक का निर्माण किया था।

इस योजना के तहत इंद्रावती भवन, महानदी भवन सहित करीब 10 जगहों पर स्पेशल साइकिल स्टेशन भी बनाए गए थे, जहां लगभग 100 साइकिलों की खरीदी कर उन्हें आम लोगों के साइकिलिंग करने के लिए रखी गई थीं। ये साइकिलें अब गायब हो चुकी हैं, वहीं साइकिल स्टेशन भी बदहाल व्यवस्था में हैं। स्टेशन में साइकिल रखने के लिए जो महंगे ब्लू टूथ से कनेक्ट सेटअप बॉक्स लगाए गए थे, वे भी पूरी तरह से खराब हो चुके हैं।

### 40 करोड़ से अधिक का लाया गया था प्रोजेक्ट

सूत्रों के अनुसार साइकिलिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाए गए इस प्रोजेक्ट में 40 करोड़ रुपए से अधिक लागत लगाई गई थी। इसके तहत नवा रायपुर में सरकारी भवनों से लेकर शिक्षण संस्था एवं बीआरटीएस स्टेशनों के पास साइकिल रखने के लिए विशेष स्टेशन बनाए गए थे, जो पूरी तरह से जीपीएस-ब्लू टूथ सिस्टम से कनेक्ट थे। प्रत्येक स्टेशन में लगभग 12 साइकिल रखने के लिए रेक के साथ जीपीएस कनेक्ट बॉक्स लगाए गए थे। इसके अलावा साइकिलिंग के लिए लगभग 60 किलोमीटर का साइकिल ट्रैक भी बनाया गया था।



### न्यूनतम किराया, निर्धारित थी साइकिलिंग की रेंज

जीपीएस सिस्टम से लैस साइकिल कोई भी किसी भी स्टेशन से साइकिलिंग के लिए उठा सकता था। इसके एवज में उसे न्यूनतम दर का सिर्फ भुगतान करना होता था। इस तरह एक स्टेशन से उठाने के बाद साइकिलिंग कर व्यक्ति उसे नवा रायपुर के किसी भी साइकिल स्टेशन में उसे छोड़ सकता था। ब्लू टूथ से कनेक्ट एवं जीपीएस सिस्टम लगने के कारण साइकिल की रेंज भी निर्धारित थी। उस रेंज से आगे साइकिल ले जाने पर वह ऑटोमेटिक लॉक हो जाती थी। यानी साइकिल को चुराया भी नहीं जा सकता था।

### *इकोफ्रेंडली के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट साधन बनाना भी था उद्देश्य*

*नवा रायपुर में साइकिलिंग के लिए लाए गए इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य शहर को इकोफ्रेंडली बनाने के साथ बीआरटीएस के बाद पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए साइकिल को साधन बनाना भी था, क्योंकि ज्यादातर लोग बस के बाद पेट्रोल-डीजल चलित अन्य वाहन का उपयोग करते हैं, जिससे प्रदूषण होता है। साइकिलिंग को बढ़ावा मिलने से प्रदूषण भी कम होता, लेकिन यह प्रोजेक्ट शुरू होने के साथ ही बंद गया।*

## खबर संक्षेप



### अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन मेले में बच्चों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा 'गढ़बो बचपन' परियोजना के सहयोग से सदर बाजार सेक्टर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र बैरन बाजार चपरासी कॉलोनी में अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन मेले का आयोजन किया। इस मेले में आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों ने पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यों का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बच्चों के समग्र विकास के विभिन्न आयामों भाषा विकास, शारीरिक विकास, गणितीय समझ एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति पर आधारित स्टॉल लगाए गए। आयोजन में लगभग 150 बच्चे एवं उनके पालक उपस्थित रहे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन 15 जनवरी तक

**रायपुर।** वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ा दी गई है। रायपुर जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थी अब पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

### वीर बाल दिवस पर आज साहसी बच्चों का सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में साहस और बलिदान को समर्पित 'वीर बाल दिवस' इस वर्ष भी गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी द्वारा आयोजित यह विशेष कार्यक्रम 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री निवास में होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, जिनकी उपस्थिति में राज्य के 4 साहसी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य के चयनित चार साहसी बालकों का सम्मान होगा। इन बच्चों ने अपनी वीरता और सूझबूझ से समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री द्वारा इन बालकों को पुरस्कृत करना न केवल उनके मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि प्रदेश के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। प्रयासों को मिली राष्ट्रीय पहचान सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने बताया कि 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में घोषित कराने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### पुराने विवाद पर पत्थर से मारा, किया घायल

**रायपुर।** कबीरनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थी साहिल कुशवाहा निवासी कबीरनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लोकेश तिवारी के साथ पूर्व में विवाद हुआ था। इस विवाद को लेकर 24 दिसंबर को रात करीब 12 बजे मोहल्ले में लोकेश एवं उसके अन्य साथी ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने पत्थर से उस पर हमला किया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### निगम की सामग्री और वाहन में आग लगाई

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक महिला के खिलाफ बीएनएसः 326 एफ, 115-2 के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी महिला नतीन मरावी ने 24 दिसंबर को तड़के 3 बजे कैलाशनगर डेरापारा में नगर निगम की रखे सामग्री और एक टीवीएस स्कूटी वाहन में आग लगा दी। आग लगाने के बाद जब वह भाग रही थी, तो उसे प्रार्थिया जनता बाई नेताम ने देख लिया। इसके बाद जनता बाई ने जब उसे रोकने का प्रयास किया, तो इस बात पर नतीन ने उसके साथ मारपीट की।

## 2739 खरीदी केंद्रों में से 1535 में धान का बफर स्टॉक से अधिक

# आधे से अधिक खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक, धीमी गति से उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी जारी है, खरीदी के साथ ही धान का उठाव धीमा होने के कारण खरीदी केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। अब तक 50.75 लाख टन से अधिक की खरीदी हो चुकी है। कुल खरीदे गए धान में से साढ़े 10 लाख टन का उठाव किया गया है। 39.92 लाख टन धान खरीदी केंद्रों में ठप है। प्रदेश के 2739 खरीदी केंद्रों के माध्यम से 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी को लगभग 45 दिन पूरे हो गए हैं। जिलों के द्वारा खरीदी शुरू होने के 20 दिन बाद तक डीओ जारी नहीं किए जाने के कारण धान का उठाव नहीं हो पाया। इसके कारण प्रदेश के 1535 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक से अधिक धान रखा हुआ है। आने वाले दिनों में उठाव तेज नहीं होने पर खरीदी प्रभावित हो सकती है।

बताया गया है कि मार्कफेड में परिवहन के लिए अनुबंध करने के बजाय जैम पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव मंगाए गए थे। जैम पोर्टल से मिले प्रस्ताव के आधार पर कई जिलों में अनुबंध हो चुका है, लेकिन डीओ नहीं कटने के कारण धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है। मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों में परिवहन के लिए अनुबंध जिला स्तर पर किया जा रहा है। डीएमओ द्वारा समितियों में धान की स्थिति के आधार पर डीओ जारी किया जा रहा है। कुछ जिलों में धान का उठाव किया जा रहा है, लेकिन राज्य के आधे से अधिक जिलों के खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक के हालात बने हुए हैं।



### खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट बढ़ाई

*धान खरीदी की नीति में पहले खरीदी केंद्रों की बफर लिमिट कम थी, इसे इस साल बढ़ा दिया गया। बफर लिमिट बढ़ाने के बाद भी अब मार्कफेड धान का उठाव नहीं कर पा रही है। बफर लिमिट बढ़ाने का फायदा समितियों को न मिलकर उल्टा नुकसान देखा जा रहा है। मिलरों के द्वारा परिवहन न करने के पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि उनके पास उठाव की लिमिट तय है। कुछ मिलरों ने यह लिमिट पिछले साल के धान का मिलिंग पूरा न करने के कारण क्रास कर लिया है।*

### *अब समितियों को सता रहा सूखत का डर*

*15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद लगातार किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं। किसान अपना धान लेकर खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं। अब प्रतिदिन दो से तीन लाख टन धान की आवक हो रही है। आवक के आधार पर समितियों द्वारा खरीदी की जा रही है। समितियों में धान जमा होने के साथ डीएमओ को उपार्जन केंद्रों में जमा धान की रिपोर्ट दे रहे हैं। डीएमओ के द्वारा परिवहन के लिए डीओ नहीं कटने के कारण धान खुले में पड़ा है। ठंड के चलते दोपहर में धूप तेज होने के कारण धान की नमी में कमी देखने में आ रही है। समय पर उठाव नहीं होने के कारण समितियों को अब सूखत से नुकसान होने का खतरा बढ़ने लगा है।*

### *महासमुंद में सबसे अधिक समितियों में बफर स्टॉक*

*महासमुंद जिले की 182 खरीदी केंद्रों में से 130 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक से अधिक धान रखा है। दूसरे स्थान पर बालोद जिला है, यहां पर 143 खरीदी केंद्रों में से 113 में बफर स्टाक से अधिक धान है। बलौदाबाजार के 166 खरीदी केंद्रों में से 111 में बफर स्टॉक है। बेमेतरा जिले की 129 खरीदी केंद्रों में से 103 में बफर स्टॉक है। कांकेर जिले के 149 खरीदी केंद्रों में से 86 में बफर स्टॉक हैं। कवर्धा जिले में 108 जिले में से 84 खरीदी केंद्र, राजनांदगांव के धमतरी के 100 खरीदी केंद्रों में से 81, गरियाबंद के 90 खरीदी केंद्र में 81, 96 खरीदी केंद्र में से 80, दुर्ग के 102 खरीदी केंद्रों में से 67, बस्तर के 79 खरीदी केंद्र में से 67 और रायपुर के 139 खरीदी केंद्र में से 69 केंद्र में बफर स्टॉक की स्थिति बनी हुई है।*

# धूमधाम से निकली संत गुलाब बाबा की पालकी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संत गुलाब बाबा के टैगोर नगर स्थित मंदिर के 17वें वार्षिकोत्सव समारोह के दूसरे दिन गुरुवार को संतश्री की पालकी यात्रा धूमधाम से निकली गई।

पूर्व की भांति इस साल भी बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए और प्रातः 6.32 बजे दुग्धाभिषेक कर प्रातः 10.32 बजे पालकी यात्रा टैगोर नगर कॉलोनी में निकाली गई, जिसमें रथ, घोड़े, ऊंट भी शामिल किए गए थे। इस दौरान अलग-अलग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ, जिसमें गुरु घासीदास बाबा के जयकारों के साथ पंथी नृत्य टीम, राउत नाचा टीम, डीजे धुमाल के साथ बड़े धूमधाम से पालकी यात्रा टैगोर नगर से प्रारंभ होकर मेनरोड होते हुए बूढ़ी माई चौक से शैलेंद्र नगर होकर टैगोर नगर स्थित मंदिर में गुलाब बाबा की आरती के साथ संपन्न हुई। दोपहर 1 से 4 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे से मध्यरात्रि तक भजन एवं रात्रि 8 बजे भण्डारे का कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दादाजी अलमेडा, चितले बाबाजी, सुरेश पालकर, चुन्नू भैया, संजय, लव कुमार देवांगन, टाकरखेड़ समाधि मंदिर के अध्यक्ष गोपाल उमक, द्वारिका प्रसाद यादव, गोदड़ीवाला धाम के प्रमुख सेवादार अमर गिदवानी शामिल रहे और कार्यक्रम की व्यवस्था रोहड़े साहब महाराष्ट्र, किरण परासरे, नीलेश अवस्थी, गोपाल कोलते, गोलू विश्वकर्मा, अम्बालाल पटेल, गुड्डू नेताम, महेंद्र सोनी, परासरे हट्टा, मुन्ना दमोह ने संभाली। गुलाब जैन ने अपने निवास के सामने फल-फूल वितरित कर पालकी यात्रा एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

- 17वें वार्षिकोत्सव समारोह के दूसरे दिन

# एजी कार्यालय को झूठी जानकारी देने का आरोप एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग पर महाधिवक्ता कार्यालय एवं उच्च न्यायालय को 8 दिसंबर को झूठी एवं फर्जी जानकारी देने का आरोप लगाते हुए डीपीसी के अध्यक्ष, जिला शिक्षा अधिकारी एवं ओआईसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है।

संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि प्रधान पाठकों की पदोन्नति के संबंध में 8 दिसंबर को ओआईसी एवं बलौदाबाजार जिला शिक्षा अधिकारी ने महाधिवक्ता कार्यालय में शपथ पत्र देते हुए जानकारी दी कि सभी प्रधान पाठकों को पदोन्नति दी जा चुकी है। इस आधार पर पूरा मामला अब निष्प्रभावी हो चुका है, इस तरह एक ओर महाधिवक्ता कार्यालय सहित उच्च न्यायालय को प्रधान पाठकों की पदोन्नति हो जाने की झूठी जानकारी दे रहा है। वहीं 22 दिसंबर को गठित डीपीसी में इनके नामों पर भी विचार नहीं किया जा रहा। संघ के प्रांत सचिव रोहित साहू, प्रकाश साहू ने बताया कि कल प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी इस बात का शपथ पत्र देकर विभाग का भंडाफोड़ करेंगे।

### *29 को संचालनालय में धरना*

*उन्होंने राज्य शासन से 22 दिसंबर को आयोजित डीपीसी को रिव्यू कर ई-कैडर के शिक्षकों के साथ न्याय किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन सैकड़ों प्रधान पाठकों की पदोन्नति हो जाने की फर्जी झूठी जानकारी महाधिवक्ता कार्यालय को दी गई है। मामलों को लेकर 29 दिसंबर को संचालनालय में धरना प्रदर्शन कर आशुतोष चावरे एवं संजय गुहे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।*

# मुस्लिम समाज ने जताई नाराजगी, आज करेंगे प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस प्रशासन द्वारा 23 दिसंबर को की गई कार्रवाई से मुस्लिम समाज में गहरी नाराजगी है। इसके साथ ही लोगों से किए गए व्यवहार को लेकर गहरी पीड़ा हुई है। एक बड़ी कार्रवाई के नाम पर सैकड़ों मुस्लिम परिवारों, बुजुर्गों और समाज के प्रतिष्ठित लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनकी सामाजिक छवि अभी तक साफ़-सुथरी और भरोसेमंद रही है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि लोगों को हिरासत में लेने का ठोस और विधिसम्मत आधार क्या था। इन तमाम मुद्दों को लेकर मुस्लिम समाज शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे से नलघर मार्ग स्थित राजीव गांधी चौक पर विरोध प्रदर्शन करने जुटेगा।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में गुरुवार को पत्रकार वार्ता में राहिल रऊफी सहित अलग-अलग मुस्लिम संगठन और फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने बताया कि मामले में प्रशासन का कहना है कि कुछ लोगों से पूछताछ की जानी थी। पूछताछ करना कानूनी व्यवस्था का हिस्सा है। मुस्लिम समाज को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। आपत्ति पूछताछ के अधिकार पर नहीं, बल्कि उसके लिए अपनाए गए तरीक़े पर है। जिस प्रकार आधी रात महिलाओं, बुजुर्ग महिलाओं को उनके घरों से उठाया गया, वह न केवल असंवेदनशील है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के विरुद्ध है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि पूछताछ के लिए नोटिस, समन की कानूनी प्रक्रिया का उपयोग क्यों नहीं किया गया।

# दुर्घटनाओं से सबक : अब 86 बिंदुओं की चेकलिस्ट से होगा ट्रेन संचालन, सभी चालकों को मिलेगा 'विशेष चालक पत्र'

## लोको पायलटों को सख्त निर्देश- प्रस्थान स्टेशन पर ही लीकेज की सघन जांच करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गेवरा-बिलासपुर मेमू रेल दुर्घटना से सीख लेने के बाद अब रेलवे प्रशासन ने लोको पायलटों और असिस्टेंट लोको पायलटों के लिए नए सिरे से कड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। लोको पायलटों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रस्थान स्टेशन पर ही ट्रेन तैयार करते लीकेज की सघन जांच करें। यदि प्रेशर निर्धारित मात्रा में नहीं बन रहा है, तो लोको और पहले वैगन के बीच के सभी कॉक बंद करें।

लोको का लीकेज टेस्ट और कंप्रेसर कैपेबिलिटी टेस्ट अनिवार्य रूप से करें। 86 बिंदुओं वाले चेकलिस्ट के आधार पर ही इंजन का संचालन करें। बता दें कि दुर्घटना से सबक लेते हुए रेलवे ने नवंबर में पहली बार एक विशेष 'चालक पत्र' जारी किया है। ट्रेनिंग के दौरान यह पत्र सभी चालकों को अनिवार्य रूप से दिया जा रहा है। इसमें सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए 86 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ये दिशा-निर्देश अलग-अलग इंजन की कार्यप्रणाली के आधार पर तैयार किए गए हैं।



**दिशा-निर्देश अलग-अलग इंजन की कार्यप्रणाली के आधार पर तैयार किए**

### उच्चाधिकारियों को हटाए जाने के बाद माहौल गर्म

दिवंगत लोको पायलट विद्यासागर को ही मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जा रहा है। जांच में पायलट के साइको टेस्ट में फेल होने के खुलासे से रेल अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नवंबर की इस दुर्घटना के बाद बिलासपुर रेल मंडल में हड़कंप मचा हुआ है। रेलवे बोर्ड द्वारा डीआरएम सहित चार उच्चाधिकारियों को हटाए जाने के बाद से विभाग में दहशत का माहौल है। जांच में यह गंभीर बात सामने आई है कि साइको टेस्ट में फेल होने के बावजूद अधिकारियों ने कथित तौर पर दबाव डालकर विद्यासागर से मेमू ट्रेन चलवाई, जिससे 14 लोगों की जान चली गई और सैकड़ों यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अब इस मामले में जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने की कवायद तेज कर दी गई है।

### *परिचालन में तकनीकी खामियों पर विशेष ध्यान जरूरी*

*रेलवे विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रेन संचालन के दौरान तकनीकी खामियों, खासकर ब्रेक पाइप और फीड पाइप में लीकेज, यदि निर्धारित सीमा से अधिक हो जाए तो यह गंभीर परिचालन संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकती है। सबसे आम समस्या ब्रेक बाइंडिंग की होती है, जिसमें ब्रेक पूरी तरह से नहीं छूटते और पहियों पर लगातार दबाव बना रहता है। इससे न केवल ट्रेन की रफ्तार धीमी होती है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता है। इसके अलावा ट्रेन पार्टिंग यानी चलती ट्रेन के डिब्बों का आपस में अलग हो जाना, लेट रिलीजिंग (ब्रेक खुलने में देरी) और व्हील स्किडिंग (पहियों का पटरी पर फिसलना), स्टालिंग (चढ़ाई या ढलान पर ट्रेन का रुक जाना) जैसी घटनाएं भी इसी कारण उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं का समय पर पता लगाकर निराकरण करना बेहद आवश्यक है, ताकि न केवल ट्रेन की समयबद्धता बनी रहे, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।*

# 80 लाख की पेनाल्टी भरने शराब दुकानों के कर्मचारियों का काटा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के नवंबर के वेतन में 5 हजार से लेकर 10 हजार रुपए तक कटौती कर दी गई है। बीआईएस कंपनी के अंडर में कार्य करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि उनके वेतन में बिना कारण के कटौती की गई है। काटा गया वेतन का भुगतान अगर नहीं मिला तो हड़ताल करेंगे।

इधर बीआईएस कंपनी के समन्वयक विनय शर्मा ने कहा कि सीएसएमएसीएल ने उनकी कंपनी पर 80 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। यह पेनाल्टी जबरदस्ती लगाई गई है। इतनी बड़ी राशि की भरपाई कैसे होगी, इसलिए कर्मचारियों के वेतन में कटौती की गई है। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारियों का कहना है कि कंपनी की ठेका की प्रक्रिया मुख्यालय स्तर पर होती है, इसलिए इस मामले में विभाग के आला अधिकारी ही बता पाएंगे।

- भड़के कर्मचारियों ने कहा- कटौती का वेतन नहीं मिला तो करेंगे हड़ताल

### *डैमेज स्टाक के कारण कंपनी पर पेनाल्टी*

*बीआईएस कंपनी पर सीएसएमएसीएल ने 80 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। बताया जा रहा है कि यह पेनाल्टी शराब दुकानों में कई ब्रांड की शराब की 6 माह तक बिक्री नहीं होने से डैमेज स्टॉक के कारण लगाई गई है। बताया जा रहा है कि कंपनी के साथ हुए अनुबंध में यह शर्त भी शामिल है। इस शर्त के तहत ही सीएसएमएसीएल ने कंपनी पर पेनाल्टी लगाई है। हालांकि कंपनी का कहना है कि अगर किसी दुकान में किसी ब्रांड की शराब की खपत कम होती है, तो इसके लिए कंपनी कैसे जिम्मेदार है। कंपनी ने इस पेनाल्टी को गलत बताया है।*




फाइल फोटो

### कर्मचारियों ने कहा- कंपनी हमारे से गलत कर रही

इधर शराब दुकानों में सुपरवाइजर, सेल्समैन एवं मल्टीवर्कर के पद पर कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि अगर सीएसएमएसीएल ने कंपनी पर पेनाल्टी लगाई है, तो इसमें कर्मचारियों का कसूर क्या है। कंपनी ने उनके वेतन में कटौती कर दी है। एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी ने सुपरवाइजर का 10 हजार, सेल्समैन की 8 हजार एवं मल्टीवर्कर की 5 हजार रुपए की कटौती की है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि उनके वेतन में कटौती से कंपनी की भरपाई हो गई, लेकिन उनके वेतन की भरपाई कैसे होगी।

### काटा वेतन का भुगतान नहीं मिलने पर 31 को हड़ताल की चेतावनी

कुछ कर्मचारियों ने बताया कि काटा गया वेतन को वापस करने के लिए कंपनी प्रमुख से बातचीत हुई है, लेकिन उनका कहना है कि जैसे ही कंपनी को भुगतान होगा, वह भी कर्मचारियों को भुगतान कर देगी। हालांकि कर्मचारियों ने कहा कि अगर 30 दिसंबर तक उनका रुका वेतन नहीं मिला, तो 31 दिसंबर से हड़ताल पर जाने की रणनीति बनाई है।

### *हड़ताल पर गए तो शासन को होगा करोड़ों का नुकसान*

*शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारी अगर हड़ताल पर जाते हैं, तो इससे सबसे बड़ा नुकसान शासन को होगा। कर्मचारियों के हड़ताल की चेतावनी के बाद भी अभी तक विभाग और कंपनी की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था की बात नहीं आई है। ऐसे में कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शराब दुकानों में बिक्री भी पूरी तरह प्रभावित होने की संभावना है, जिससे राजस्व के रूप में शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान होगा।*

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



राजधानी के 45 चर्चों में सुबह मसीही समाज ने की प्रार्थना, कैरोल सिंगिंग में गूंजे परमात्मा प्रभु यीशु के संदेश

# महागिरजाघर से शॉपिंग मॉल तक क्रिसमस सेलिब्रेशन कैंडल जलाकर की प्रार्थना, सांता क्लाज ने बांटे उपहार

प्रभु यीशु के आगमन की खुशी और उत्साह के चलते क्रिसमस के अवसर पर गुरुवार को चर्चों में उत्सव का माहौल रहा। सुबह 8 से 10 बजे के बीच मसीही समाज के लोग फैमिली के साथ गिरजाघरों में पहुंचे। विशेष प्रार्थना के बाद बाहर निकलने पर लोगों ने प्रभु यीशु के स्वागत में कैंपस में बनाए गए स्टैंड में कैंडल जलाई। कैरोल सिंगिंग ग्रुप ने सुबह व शाम को सिंगिंग के जरिए प्रभु का संदेश दिया। कैंपस में बनाई गई चरनी की आकर्षक झांकी अवसर को खास बना रही थी। इस बार भी शॉपिंग मॉल में घूमने और उत्सव मनाने का अच्छा माहौल देने के लिए स्पेशल डेकोरेशन किया गया था। जहां हर पल को यादगार बनाने के लिए लोग तस्वीर लेते भी नजर आए, इसका युवाओं में ज्यादा क्रेज था।'





### सांता क्लॉज के परिधान में निकले लोग

चर्च कैंपस ही नहीं, बल्कि कई संस्थानों में भी सांता क्लॉज के परिधान में लोग खुद को कवर करके इस बार क्रिसमस की खुशी बांटने के लिए पहुंचे। जिनके पास गए, उन्हें पेन, चॉकलेट के साथ कई सांता क्लॉज ने गरीब बस्तियों में बधाई देते हुए गर्म कपड़े गिफ्ट किए। खुद की पहचान छिपाते हुए उपहार देकर वे जिधर से आगे बढ़े। लोगों में कौतूहल माहौल रहा कि सांता क्लॉज के वेश में किसने उनको गिफ्ट में चॉकलेट दिया। यह सिलसिला चर्च में प्रार्थना करने पहुंचे लोगों और बच्चों के बीच भी चला।

### विश्व में शांति के लिए की गई प्रार्थना

बैरन बाजार स्थित सेंट जोसेफ चर्च के फादर जॉन जेवियर के अगवाई में क्रिसमस के मौके पर सुबह विशेष प्रार्थना सभा की गई। इसमें जो लोग बुधवार की रात में की गई आराधना का हिस्सा नहीं बने थे। उनके लिए गुरुवार को विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर को मसीही समाज के लोगों ने सभी चर्चों में प्रभु यीशु से विश्व में शांति व सद्भावना के लिए प्रार्थना की। प्रार्थना में मैरी क्रिसमस की गूंज रही। केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को उत्सव का रूप देने का सिलसिला चलता रहा।

**उत्सव का माहौल देने सजा मॉल** : अपनी भव्य सजावट और रोशनी से निर्मित वातावरण के साथ मैग्नेटो मॉल पूरी तरह सामान्य नजर आया। मॉल प्रबंधन द्वारा सजावट को पुनः उसी तरह आकर्षक स्वरूप में लाने के लिए रात भर निरंतर काम किया गया। प्रवेश द्वार से सेंट्रल एट्रियम,कॉरिडोर्स, कॉमन एरियाज और शॉप फ्रंट्स तक दोबारा सजावट की गई। घुमने के लिए फैमिली के साथ पहुंचे लोगों को फेस्टिव लाइटिंग थीम आधारित डेकोरेशन, आकर्षक इंस्टॉलेशंस और विजुअल एलिमेंट्स को न केवल स्थापित किया गया, बल्कि उन्हें पहले से अधिक संतुलित और सुंदर रूप में प्रस्तुत किया।



### बकरी, गड़रिए की झांकी के बीच यीशु

क्रिसमस के मौके पर शहर के कापा, भनपुरी, टाटीबंध, जोरा में बनाई गई व्यवस्था के तहत विशेष प्रार्थना की गई। लोगों को प्रभु यीशु के आने और उनसे जुड़ी बातों की जानकारी दी गई। इसके पहले मान्यता के तहत लोगों ने चर्च के बाहर गोशाला को आकार दिया। इसे यीशु के जन्म के प्रतीक के रूप में सजाया गया था। गोशाला की झांकी में माता मरियम की गोद में प्रभु यीशु की प्रतिमा के साथ ही भेड़, बकरी और गड़रिए की झांकी के बीच परमात्मा के आकर्षक स्वरूप को इस बार भी सजाया गया। इसके पास लोग मोबाइल में तस्वीर बनाते नजर आए।

### कैंडल बेचने के लिए हर जगह स्टाल

सभी चर्चों में पहले से की गई तैयारी जहां रंगत में नजर आई। कैंपस में क्रिसमस की खुशी में कैंडल जलाने के लिए पहुंचे मसीहीजनों की सुविधा के लिए कैंडल स्टैंड का प्रॉपर इंतजाम किया गया था। जो साथ में कैंडल लेकर नहीं पहुंचे थे, उनके लिए चर्च कैंपस में ही मोमबत्ती बेचने वालों ने स्टाल सजाए थे। यहां सांता क्लॉज बनने का साजो-सामान भी बच्चों की खुशी के लिए लोग खरीदते नजर आए। इसके चलते सुबह से लेकर देर-रात तक सभी चर्चों में उत्सव के साथ युवाओं के अलग-अलग ग्रुप ने गीत-संगीत का माहौल दिया।

रायपुर। बुधवार की रात जहां सभी चर्चों और महागिरजाघर में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में हजारों मसीही शामिल होने पहुंचे। प्रभु के आगमन पर प्रार्थना करते हुए एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामना देते हुए कैंडल जलाने के बाद वापस लौटे। गुरुवार सुबह से ही मसीही समाज के लोग विशेष प्रार्थना सभा का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे। इस साल भी लोगों को उत्सव का माहौल देने के लिए सेंट पॉल्स चर्च, बैरनबाजार स्थित महागिरजाघर सहित अलग-अलग क्षेत्र के चर्चों में भी विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसके बाद युवाओं का ग्रुप अलग-अलग चर्चों में कैरोल सिंगिंग करते हुए लोगों को उत्सव का माहौल देने में जुटा रहा। विशेष प्रार्थना सभा में लोग फैमिली के साथ शामिल हुए। इसके लिए सभी चर्चों में व्यवस्था बनाई गई थी। क्रिसमस ट्री चर्चों ही नहीं, घरों में भी लोगों ने आकर्षक तरीके से सजाया। चर्च कैंपस में प्रभु यीशु द्वारा दिए गए संदेश को दीवारों पर इस बार भी उकेरा गया है, ताकि युवा इससे जुड़े व समझें।

---

सिटी इवेंट

## किचन, बेडरूम और पूजा घर की दीवारों को कर रहे डेकोरेट

**रायपुर।** घरों के दीवारों को कम खर्च और कम समय में सजाने के लिए वॉल स्टिकर्स डेकोरेशन लोगों की पहली पसंद बनी है। वॉल डेकोरेशन को लेकर अब दीवारों की रंगाई-पुताई व सजावट के लिए भारी-भरकम बजट खर्च करने की झंझट से छुटकारा मिला है। होम डेकोरेशन डिजाइनर आशीष अग्रवाल का कहना है कि वॉल स्टिकर्स डेकोरेशन तेजी से ट्रेंड कर रहा है। घर के किचन, हॉल, लिविंग रूम, बेडरूम, पूजा घर की दीवारों को मनपसंद प्रकृति के खूबसूरत चित्र, देवी-देवताओं के तस्वीरों, पारंपरिक आकृतियों, भित्ति चित्र, बच्चों के लिए एनिमल्स, कार्टून कैरेक्टर्स, लर्निंग चाट जैसे प्रीटेंड वॉल स्टिकर्स से बड़े उत्साह के साथ लोग घर सजाने के लिए उपयोग कर रहे हैं। किचन में छोटे, लेकिन क्रिएटिव वॉल स्टिकर्स जैसे कॉफी थीम, फूड कोट्स, कप्स और शेफ डिजाइन काफी ट्रेंड में हैं। ये स्टिकर्स किचन को फ्रेश और पॉजिटिव एनर्जी से भर देते हैं। साथ ही ये ऑयल और पानी से आसानी से साफ हो जाते हैं, जिससे मेंटेनेंस भी आसान रहता है। शहर के बाजार में इन वॉल स्टिकर्स की कीमत महज 500 से 1000 रुपए तक साइज और क्वालिटी के हिसाब से उपलब्ध है।



### सॉफ्ट कलर टोन वाले वॉल स्टीकर्स बेस्ट

बेडरूम के लिए रोमांटिक, नेचर, स्टार्स, मून या सॉफ्ट कलर टोन वाले वॉल स्टीकर्स बेस्ट रहते हैं। बेड के पीछे या साइड वॉल पर लगाए गए स्टीकर्स एक शांत और रिलैक्सिंग माहौल बनाते हैं, जिससे नींद और मूड दोनों बेहतर होते हैं। वॉल स्टीकर डेकोर आज के समय में उन लोगों के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है जो कम खर्च में घर को स्टाइलिश बनाना चाहते हैं। बिना पेंट, बिना नुकसान और बिना झंझट बस लगाइए और घर को एक नया, मॉडर्न और ट्रेंडी लुक का आनंद लें।

### दीवार को नुकसान नहीं पहुंचाते

वॉल स्टिकर्स घर को कम खर्च में सजाने का आसान तरीका है। ये बिना पेंट के दीवारों को नया और स्टाइलिश लुक देते हैं। पील-एंड-स्टिक और पीवीसी वॉल स्टिकर्स सबसे अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि ये टिकाऊ होते हैं और दीवार को नुकसान नहीं पहुंचाते। सही क्वालिटी के रिमूवेबल वॉल स्टिकर्स दीवारों पर आसानी से लगाए और हटाए जा सकते हैं, बिना पेंट या प्लास्टर खराब किए।



## न्यू ईयर पार्टी में रंग जमाने गर्ल्स कैरी कर रहीं ट्रेंडी स्टाइलिश फैशन

**रायपुर।** नए साल के आगमन तक चलेगा। ऐसे में पार्टी लुक के लिए आप भी कुछ अलग तरह के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आप सुंदर नजर आएंगी। साथ ही, सबसे अलग दिखाई देंगी। जब आउटफिट की बात आती है, तो हम हमेशा कुछ अलग तरह के आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोचते हैं। इसका आइडिया हम एक्ट्रेस के आउटफिट्स से भी लेते हैं। लेकिन अगर आपको फिर भी कुछ समय नहीं आ रहा है, तो ऐसे में आप आर्टिकल में दिखाए गए आउटफिट्स को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह की आउटफिट्स पहनने क बाद अच्छी लगेंगी। साथ ही, इससे लुक भी सुंदर नजर आएगा।

### क्रेप मिडी ड्रेस करें स्टाइल

सुंदर दिखने के लिए आप पार्टी में क्रेप मिडी ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस में आपको पूरा रेड कलर या व्हाइट और रेड कलर का कॉम्बिनेशन भी मिलेगा। इससे आपका ड्रेस लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको 1,000 से 1,200 रुपये में मिल जाएगी। आप कुछ अलग ट्राई करने के लिए फ्लेयर्ड वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होती है। इसे पहनने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। इसमें आपको कलर भी अलग-अलग मिल जाते हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ एक्सेसरीज स्टाइल कर सकती हैं। इस बार स्टाइल करें ये पार्टी ड्रेस।



---

साइंस मैदान में लगे 8 दिवसीय स्वदेशी मेले का भव्य समापन

## लोकल कारीगरी और कला-संस्कृति के रंग से सराबोर मेला, स्वदेशी प्रेमियों के लिए बना यादगार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में लगे 8 दिवसीय स्वदेशी मेले का गुरुवार को रंगारंग समापन हुआ। विगत 18 से 25 दिसंबर तक स्वदेशी मेले में देश व राज्यभर की स्वदेशी कारीगरी और कला-संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। शहरवासियों ने जहां स्वदेशी मेले में मनोरंजन के साथ-साथ मनपसंद स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का आनंद उठाया, वहीं स्वदेशी कारीगरों व कलाकारों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच मिला। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। मेले की विभिन्न प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाली महिला कार्यकर्ताओं के लिए विशेष मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। बचपन की यादों को ताजा करते हुए कुर्सी दौड़, मटका फोड़, वन मिनट गेम शो एवं अन्य रोचक एक-मिनट की चुनौतियां रखी गईं, जिनका महिलाओं ने भरपूर आनंद लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी रहे। विशिष्ट अतिथियों में संदीप शर्मा अध्यक्ष, खाद्य आयोग, अनुराग सिंह देव अध्यक्ष, गृह निर्माण मंडल एवं शीलू साहू महिला मोर्चा महामंत्री, डॉ. अनामिका सिंह एमआईसी मेंबर, वर्णिका शर्मा अध्यक्ष, बाल आयोग, स्वदेशी मेले की मीडिया प्रभारी इंदिरा जैन शामिल हुईं।



**दैनिक जीवन में स्वदेशी का महत्व :** मेले के अंतिम दिन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय दैनिक जीवन में स्वदेशी का महत्व, वंदेमातरम का गौरवशाली इतिहास रखा गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांशी कुल्था, द्वितीय स्थान पार्थआशीष शेष ने हासिल किया। प्रतिभागियों ने पर्ची द्वारा प्राप्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। निर्णायक मंडल में डॉ. संध्या रानी शुक्ला, डॉ. शैल शर्मा एवं डॉ. अपराजिता शर्मा शामिल रहीं। प्रतियोगिता प्रभारी रितु साहू, निशांत बर्धन एवं नीतू भोई रहे।



### राजस्थानी नृत्य और गीतों से सजी शाम समापन समारोह की

सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी लोकमंच के कलाकार लालजी श्रीवास की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने रंग भर दिया। वहीं राजस्थानी समाज की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। मंच पर घूमर नृत्य, रंगीलो राजस्थान एवं राजस्थानी गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। वहीं स्टॉल्स पर दाल-बाटी, चूरमा, घेवर, चूरमा चक्कत एवं बाजरे का हलवा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। रात्रि में सात दिनों तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को मंच से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

धर्म लाइव

## बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति



**रायपुर।** स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान जी. सुरेश बाबे, मयंक अग्रवाल, शेख हुसैन तन्हा, पार्षद विनोद सिंह, अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी से अंजुम अली और उनकी टीम तथा छाया पार्षद अजीत सिंह सहित कई विशिष्टजन उपस्थित थे। आयोजन में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंकित आईटी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने इन बच्चों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। स्कूल संचालक हुसैन अली ने वार्षिक प्रतिवेदन रखा। वहीं प्रिंसिपल रशीदा खातून ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी शहनाज, स्पोर्ट्स प्रभारी शबनम शेख, आंचल, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी ज्योति और नीतू, क्राफ्ट और मॉडल हेड नाज परवीन और निकिता सहित अन्य लोगों का आयोजन की सफलता में विशिष्ट योगदान रहा।

प्रतिभागियों को उनकी प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित

धर्म लाइव

## श्रीराम जन्मोत्सव, जानकी विवाह और श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग में रमे श्रद्धालु



**रायपुर।** मारुति मंगलम भवन में 22 से 29 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा एवं यज्ञ का आयोजन नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ द्वारा किया गया है। कथावाचक मनोज भाई भट्ट चैतन्य धाम शाहपुर जूनागढ़ गुजरात के मुखारविंद से कथा का वाचन किया जा रहा। गुरुवार को श्रीराम जन्मोत्सव और राम-जानकी विवाह का वाचन किया। माता सीता का स्वयंवर कथा में दर्शाया। भागवत कथाओं में राम विवाह प्रसंग अक्सर सीता स्वयंवर के रूप में आता है, जहां गुरु विश्वामित्र के कहने पर श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा और सीताजी से विवाह किया। उसके बाद शाम तक प्रभु श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनने को मिला। भगवान विष्णु ने कंस के अत्याचारों को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए देवकी और वसुदेव के कुटुंब में कारागार में जन्म लिया।

### श्रोताओं ने लिया कथावाचक से आशीर्वाद

भागवत में उनकी बाल-लीलाओं से लेकर उनके विवाह, कंस वध और महाभारत का क्रमानुसार वर्णन सुनने के लिए श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है। भागवत कथा पंडाल में विनोद भाई, पुरुषोत्तम भाई सोलंकी, कुंवर भाई टांक, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, बाल आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कथा श्रवण किया। कथा सत्संग का सिलसिला शुक्रवार को भी तय समय में श्रोताओं के बीच महाराज सुनाएंगे। सभी अतिथियों ने कथा का रसपान किया एवं कथावाचक मनोज भाई भट्ट एवं व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

समाज इवेंट

## पूजा-अर्चना के बाद दशनामी संन्यासी मंडल का किया गठन



**रायपुर।** शहर के महादेवघाट स्थित महाकाली मंदिर आश्रम में गुरुवार को अखंड धूनी प्रज्वलित की गई। पंच दशनाम जूना अखाड़ा के लोगों और अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ अध्यक्ष प्रेमगिरि महाराज की मौजूदगी में पूजा-अर्चना की गई। इसमें बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु शामिल हुए। 14 मदी पंच दशनाम जूना अखाड़ा के ब्रह्मलीन बाबा बुद्धगिरि महाराज ने इस महाकाली मंदिर की स्थापना की थी। पूजा के बाद साधु-संतों की उपस्थिति में दशनामी संन्यासी छत्तीसगढ़ मंडल का सर्वसम्मति से गठन किया गया। साधु-संतों और संन्यासियों ने धर्म से जुड़े कई जरूरी विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यों को मूर्तरूप देने को लेकर आपसी सहमति बनाते हुए आयोजन को आगे बढ़ाया।

### व्यवस्थाओं का पालन करने के लिए दिया दायित्व

संतो-महंतों की मौजूदगी और सहमति से विवेक गिरि को संरक्षक चुना गया, वहीं उमेशानंद गिरि अध्यक्ष बने। उनके अलावा तारकेश्वर पुरी को उपाध्यक्ष, राघवेंद्र गिरि को महामंत्री, साध्वी पद्मनी पुरी को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर कृष्णकांत पाठक, अशोक बानी, रामनारायण चक्रधर, नरोत्तम मरकाम, नारायण लाल, मोतीलाल, लखनलाल, कृपाराम साहू, कैलाश सिंघानिया मौजूद रहे। सभी के सहयोग और मौजूदगी में नए मंडल के पदाधिकारियों को व्यवस्थाओं का पालन करने के लिए दायित्व दिया है। इनकी अगवाई में अब संन्यासी मंडल के सभी धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।

सांसद खेल महोत्सव 'फिट युवा, विकसित भारत' का हुआ समापन

# स्कूल छोड़ चुके युवाओं ने भी दिखाई प्रतिभा, गेड़ी प्रतियोगिता में 70 साल की वृद्धा ने किया चकित

*सांसद खेल महोत्सव 'फिट युवा, विकसित भारत' का समापन समारोह गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री मनसुख मंडाविया तथा देशभर के सांसद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और समापन समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। ऑडिटोरियम में उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना।*






**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव 'फिट युवा, विकसित भारत' जैसे आयोजन युवा पीढ़ी में खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए सशक्त मंच प्रदान करते हैं। यह महोत्सव लगभग चार महीनों तक रायपुर संसदीय क्षेत्र के 36 विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया। इसमें स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### प्रशस्ति-पत्र एवं टी-शर्ट प्रदान किए गए

आयोजन को सफल बनाने में लगभग 1,500 खेल अधिकारियों, विद्यालयीन शिक्षकों और सेवानिवृत्त खेल अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विश्वविद्यालय परिसरों में भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों तथा आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में सांसद खेल महोत्सव को और अधिक सुव्यवस्थित, व्यापक और प्रभावी रूप दिया जाएगा। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समूह खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11,000 रुपए, द्वितीय स्थान को 5000 रुपए तथा एकल खेलों में प्रथम स्थान पर 3100 रुपए और द्वितीय स्थान पर 1000 रुपए की प्रोत्साहन राशि के साथ पदक, प्रशस्ति-पत्र एवं टी-शर्ट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, विधायक किरण सिंह देव, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित जनप्रतिनिधि, खेल विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे तथा नागरिक उपस्थित थे।

### महोत्सव में 542 गांवों से सहभागिता

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र के 36 स्थानों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि केवल पढ़ाई-लिखाई ही नहीं, बल्कि खेलकूद भी जीवन में समान रूप से महत्वपूर्ण है और इसी के माध्यम से बच्चे देश-प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस महोत्सव में 542 गांवों से सहभागिता रही और 85 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो पूरे देश में रिकॉर्ड भागीदारी है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। गेड़ी प्रतियोगिता में 70 वर्ष की महिलाओं की सहभागिता, कबड्डी, फुगड़ी, वॉलीबॉल जैसे खेलों में उत्साहपूर्ण प्रदर्शन और ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों द्वारा रस्साकशी में भागीदारी सभी ने सामाजिक समरसता और समावेशन का सशक्त संदेश दिया। स्कूल छोड़ चुके युवाओं को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला तथा अनुभवी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

# कुंथुनाथ जिनालय में त्रिहानिका महोत्सव शुरू हस्तिनापुर का किया निर्माण, ड्रोन से पुष्पवर्षा भी



**रायपुर।** श्री छत्तीसगढ़ कुच्छी दशा ओसवाल जैन समाज द्वारा फाफाडीह स्थित कुंथुनाथ जिनालय में 25वीं रजत ध्वजा सह त्रिहानिका महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे श्री स्नात्र पूजा से हुई, वहीं दोपहर 3 बजे श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा का लाभ श्री कुशलचंद महिला मंडल रायपुर द्वारा लिया गया। सायं 5 बजे चौविहार एवं सांझी का आयोजन हुआ। श्री छत्तीसगढ़ कुच्छी दशा ओसवाल जैन समाज, रायपुर के अध्यक्ष चंद्रेश वीरचंद शाह (छेडा), सचिव किशोर मेघजी मोती, उपाध्यक्ष भूपेंद्र गोविंदजी मोमाया, सहसचिव हितेश शरद मोमाया, कोषाध्यक्ष हरीश शिवाजी लोडाया और 2025 रजत ध्वजा महोत्सव समिति के संयोजक हरीश जेवरचंद शाह ने बताया कि मंगल महोत्सव के रजत जयंती वर्ष (25वां वर्ष) के अवसर पर महोत्सव की विशेष झलकियां भी साझा की जाएगी। आयोजन के अंतर्गत भव्य हस्तीनापुर नगरी एवं आलीशान भोजन मंडप का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य व झांकियां, हाथी-घोड़ा-रथ सहित भव्य वरघोड़ा, नगर भ्रमण एवं जिनालय का भव्य श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहेगा। रजत जयंती के उपलक्ष्य में ड्रोन से पुष्पवर्षा, नित्य पूजा, महापूजा आरती एवं भक्ति का भावपूर्ण वातावरण देखने को मिलेगा।

नगर भ्रमण एवं जिनालय का भव्य श्रृंगार आकर्षण का केंद्र

### तीसरे दिन लघु शांति पूजन

महोत्सव के तृतीय दिवस रविवार, 28 दिसंबर को सुबह 6.30 बजे श्री रजत पूजा, 7.30 बजे नवकारसी, 8.30 बजे श्री सतरभेदी पूजा का आयोजन होगा। शुभ मुहूर्त में श्री रजत ध्वजारोहण संपन्न होगा। इसके बाद 11.30 बजे साधार्मिक भक्ति एवं दोपहर 12.36 बजे (विजय मुहूर्त) लघु शांति पूजन होगा। सायं 5 बजे चौविहार तथा सायं 7 बजे भव्य आरती व मंगल दीपक का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन सोमवार, 29 दिसंबर को शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण बोली द्वारा संपन्न होगी। प्रातः 6.30 बजे श्री रजत पूजा व 7.30 बजे नवकारसी आयोजित की जाएगी।

### होंगे ये आयोजन

महोत्सव के प्रथम दिवस शुक्रवार, 26 दिसंबर को प्रातः 6.30 बजे श्री रजत पूजा, 7.30 बजे नवकारसी, 7.50 बजे दीपक स्थापना, 8.15 बजे जवारा रोपण, 8.50 बजे नवग्रह पाटला पूजन, 9.15 बजे दशदिग्पाल पाटला पूजन, 9.50 बजे अष्टमंगल पाटला पूजन, दोपहर 12.36 बजे श्री शक्रस्तव अभिषेक तथा सायं 6.30 बजे भव्य आरती, मंगल दीपक एवं श्री महाकाली माताजी की भावना भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के द्वितीय दिवस शनिवार, 27 दिसंबर को सुबह 6.30 बजे श्री रजत पूजा, 7.30 बजे नवकारसी तथा 8.30 बजे भव्य वरघोड़ा निकलेगा। प्रातः 10 बजे धर्मसभा एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे साधार्मिक भक्ति तथा 12.36 बजे श्री सिद्धचक्र महापूजन संपन्न होगा। सायं 5.30 बजे चौविहार और सायं 6.30 बजे भव्य आरती, मंगल दीपक का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 7.30 बजे से भक्ति संध्या का आयोजन होगा, जिसमें मुंबई से पधारे कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर 108 दीपकों से प्रभुजी की भव्य आरती की जाएगी।

# सारंगी-तबले की जुगलबंदी से कलाकारों ने बांधा समां



**रायपुर।** गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में भारतीय शास्त्रीय संगीत की महफिल सजी। यह आयोजन ज्ञानी महेंद्र सिंह सिब्बल फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। जैसे ही शाम के 7 बजे कार्यक्रम में कलाकार साफिक हुसैन और तालमणि अशोक कूर्म ने तबले और सारंगी की जुगलबंदी के साथ रागों और बंदिशों की प्रस्तुति दी। वृंदावन हॉल की फिजा रूहानी हो उठी। इस कार्यक्रम में कलाकारों की मखमली आवाज और हारमोनियम, तबला, सरोद आदि वाद्ययंत्रों ने दर्शकों के मन को झंकृत व आनंद से विभोर कर दिया। देर रात तक वृंदवन हॉल का वातावरण भारतीय शास्त्रीय संगीत की धुनों से गुंजायमान होता रहा। शास्त्रीय संगीतप्रेमी कलाकारों के राग व बंदिश में रमे रहे। कलाकारों ने अपनी लाजवाब फनकारी से शास्त्रीय संगीत की महफिल में रंग जमाया। भारतीय संगीत की समृद्ध परंपराओं की प्रस्तुति ने सांस्कृतिक संध्या का यादगार बना दिया। आयोजकों ने बताया कि फाउंडेशन भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के अपने मिशन के तहत नियमित रूप से ऐसे आयोजन करता है। कार्यक्रम में ज्ञानी महेंद्र सिंह सिब्बल फाउंडेशन के पदाधिकारी और कलाप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### संगीतप्रेमी भक्ति रस में गोते लगाते रहे

कार्यक्रम में राग भैरव का श्रवण कर संगीत प्रेमी भक्तिरस में गोते लगाते दिखे। वहीं राग बसंत से उल्लास से सराबोर हुए। राग यमन सुनकर कर संगीत प्रेमी झूमते रहे। कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न शास्त्रीय संगीत के राग और बंदिश से हॉल में एक खुशनुमा और आध्यात्मिक माहौल बन गया। श्रोताओं ने इस उत्कृष्ट शास्त्रीय संगीत संध्या का भरपूर आनंद लिया।

रावांभाठा स्थित सुदर्शन संस्थान में पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने पत्रकारों से की बात

# हिंदू राष्ट्र की अवधारणा स्वाभाविक, सनातन में राष्ट्र समाज और धर्म को अलग करके नहीं देखा जा सकता

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती इन दिनों रायपुर प्रवास पर हैं। रावांभाठा स्थित सुदर्शन संस्थान, पुरी शंकराचार्य आश्रम में 15 से 30 दिसंबर तक जहां लोगों को उनका सानिध्य मिलने वाला है, वहीं गुरुवार को शंकराचार्य ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा, धर्मांतरण, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल पूरे होने जैसे विषयों के साथ ही धर्मांतरण को लेकर खुलकर बात की। शंकराचार्य ने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को स्वाभाविक बताते हुए कहा कि एक राष्ट्र की बात कोई नई या उग्र सोच नहीं है, बल्कि भारत की मूल चेतना से जुड़ी है। सनातन परंपरा में राष्ट्र, समाज और धर्म को अलग-अलग नहीं देखा गया। एक राष्ट्र की अवधारणा समाज को जोड़ने का अच्छा माध्यम है, किसी के विरुद्ध खड़ा करना इसका उद्देश्य नहीं है।



### धर्मांतरण व्यवस्था की कमजोरी का परिणाम

धर्मांतरण को लेकर मुद्दे पर कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया दी। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि 'धर्मांतरण' शब्द गलत है। इसे 'धर्म-छल' या 'धर्म-भ्रष्टता' कहना अधिक उपयुक्त होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि सनातन धर्म के अतिरिक्त अन्य मतों को धर्म कैसे कहा जा सकता है। धर्मांतरण का अर्थ अपने धर्म को छोड़कर दूसरे को अपनाना बताया जाता है, जबकि वास्तव में धर्म छोड़ा नहीं, बल्कि उसे भ्रष्ट करने का प्रयास किया जाता है। शासन की दिशाहीनता से धर्मांतरण की गतिविधियां बढ़ रही हैं। शासन तंत्र सजग और जागरूक हो जाए, तो धर्मांतरण रुक सकता है। स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह समस्या व्यवस्था की कमजोरी का परिणाम है। यह समाज की असफलता का विषय नहीं है।

### उनको सहायता और स्वावलंबन की जरूरत

शंकराचार्य ने धर्मांतरण के कारण गिनाते हुए कहा कि लोभ, भय और कोरी भावुकता इसके मुख्य औजार हैं। समाज के ऐसे वर्ग, जो परिश्रमी और सदाचारी होते हुए भी विपन्नता में जीवन जी रहे हैं, उन्हें सहायता और स्वावलंबन की जरूरत है। हिंदू समाज संसाधनों का उपयोग इन परिवारों को सशक्त बनाने में करे तो धर्मांतरण की संभावना को ही समाप्त किया जा सकता है। हर हिंदू परिवार से एक रुपया भी समाज के लिए निकले और मठ-मंदिरों या घरों को सेवा का केंद्र बनाकर आसपास के जरूरतमंदों तक मदद पहुंचे तो किसी को धर्म बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। धर्मांतरण कराने वालों को 'एजेंट' बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ सख्ती हो तो उनका विवेक स्वयं ठीक हो जाएगा।

### बिगड़े हालात को सुधारने में लगता है समय

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता जताते हुए कहा कि यह केवल किसी एक देश का मुद्दा नहीं है, बल्कि मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा प्रश्न है। ऐसे मामलों में मौन भी एक प्रकार का अपराध है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ममता बनर्जी को लेकर कहा कि मुस्लिम-परस्ती और मुसलमानों के हितों का ध्यान रखने में फर्क है। किसी समुदाय के हितों की रक्षा करना अलग बात है, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति समाज को हानि पहुंचाती है। छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल पूरे होने पर कहा कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में आलोचना स्वाभाविक है। बिगड़े हुए हालात सुधारने में समय लगता है, सत्तापक्ष को भी समझना चाहिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजस्थान के विरुद्ध ड्रॉ रहा मैच अंशुमन के शानदार 104 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (23-25 दिसंबर) ग्वालियर, मध्य प्रदेश में राजस्थान अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन राजस्थान अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 72 ओवरों में 10 विकेट खोकर 192 रन बनाए। छत्तीसगढ की ओर से चंद्रांश यादव ने 58 रन बनाये। आदित्य बैदवाल तथा प्रतीक गंधर्व ने 26-26 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त उज्जवल मरकाम ने भी 23 रन बनाये। राजस्थान की ओर से रोहन चैधरी, भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 3-3 विकेट लिए। राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 92.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 211 रन बनाये। राजस्थान की ओर से अनुराग लखन ने 67 रन, रोहन चौधरी ने 47 रन तथा यश शर्मा ने 41 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से यर्थाथ सिंह चौहान ने 3 विकेट, अरहम नाहर तथा तुश्या प्रजापति ने 2-2 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने 1 विकेट लिया।

मैच की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी में 103.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 282 रन बनाये हैं। छत्तीसगढ की ओर से अंशुमन ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 104 रन बनाये। उनके अतिरिक्त चंद्रांश यादव ने 58 रन तथा उज्जवल मरकाम ने 29 रनों का योगदान दिया तथा मैच ड्रा कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजस्थान की ओर से भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। छत्तीसगढ ने नॉक आउट राउंड में प्रवेश किया।

### नेशनल तैराकी में रजत पदक हासिल किया शिवांगिनी ने



**रायपुर।** 69 वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों का आयोजन दिल्ली में 12 से 17 दिसंबर तक किया गया। जिसमें बिलासपुर की शिवांगिनी पांडे ने 50 मीटर बटरफ्लाई में सिल्वर मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ और बिलासपुर का नाम रौशन किया। इस बड़ी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिवांगिनी को अपने रायपुर स्थित निवास में अभिनंदन कर बधाई देते हुए और आगे भी ऐसे ही मेहनत करते हुए गोल्ड मेडल हासिल करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन, हेमंत सिंह परिहार संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ तैराकी संघ एवं कोच शंकर पांडेय उपस्थित रहे।

### अंतर जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ




**भिलाई।** वॉलीबॉल कॉम्पलेक्स पंत स्टेडियम सेक्टर-1 भिलाई में दुर्ग कॉरपोरेशन वॉलीबॉल एसोसिएशन, एससी एंड सीए और भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय बीरा सिंह की स्मृति में आयोजित 20वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की अनुपस्थिति में उनकी माता बीबी कुलवंत कौर के साथ सर्व समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण समारोह में सम्मिलित हुए। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि पवन कुमार अधिशासी निदेशक- एचआर बीएसपी, विष्णु पाठक महाप्रबंधक टीएसडी बीएसपी, राजेंद्र प्रसाद ओलंपियन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता, हेम प्रकाश नायक आयोजन सचिव एवं सचिव, सीजीएसवीए, मोहम्मद अकरम, सतेंद्र पांडे उपस्थित थे।

### ओपन जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी मे भाग लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** 51वी ओपन जूनियर कबड्डी (बालिका) चैंपियनशिप मे भाग लेने छत्तीसगढ़ की बालिका टीम रवाना हुई। इस संबंध मे जानकारी देते हुए एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि ओपन कबड्डी का यह आयोजन 25 से 28 दिसंबर तक दमदम जेल ग्राउंड कोलकाता मे आयोजित है। इस प्रतियोगिता मे चयनित खिलाड़ियों को कबड्डी किट व ट्रैकशूट छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशिकांत बघेल व कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू ने प्रदान किया। इससे पूर्व इन चयनित खिलाड़ियों के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भिलाई चरोदा मे आयोजन किया गया था। टीम में राधिका यादव (कप्तान) ट्विंकल साहू, भामिनी, तारकेश्वरी साहू, अंजलि यादव, मीनाक्षी, नूतन राजवाडे, देविका, शालिनी यादव, भेजवानतिन, देविका रजक, गोमती निषाद व पुष्पा देवी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

---

बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर के स्वास्थ्य संबंधित नुकसान चिंता का विषय

# बॉडी बनाने के शौक में प्रोटीन पाउडर लेना जरूरत बन गया है तो हो जाएं सावधान, फायदे की जगह हो सकते हैं कई नुकसान

प्रोटीन पाउडर को लेकर किए गए अध्ययन में कई चौंकाने वाली बीतें सामने आईं। कहीं आप भी तो इसका अधिक सेवन नहीं करते हैं? शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए प्रोटीन कितना जरूरी पोषक तत्व है ये किसी से छिपा राज नहीं है। मांसपेशियों के निर्माण, शरीर को ताकत देने, कोशिकाओं को स्वस्थ रखने के साथ आपको बेहतर लुक देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। यही कारण है कि जिम जाने वाले लोगों के बीच प्रोटीन की मांग और भी अधिक होती है। वैसे तो सभी लोगों को नियमित रूप से प्रोटीन की जरूरत होती है पर जो लोग व्यायाम करते हैं उन्हें अधिक मात्रा में इसके सेवन की सलाह दी जाती है ताकि मांसपेशियों में मजबूती आ सके।

आजकल स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक लोगों के बीच प्रोटीन पाउडर का उपयोगआम हो गया है। हालांकि, बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर के स्वास्थ्य संबंधित नुकसान भी चिंता का विषय रहे हैं। बाजार में नकली या मिलावटी प्रोटीन पाउडर बेचे जाने की खबरें भी सामने आती रही हैं। इनमें सस्ते और हानिकारक रसायनों का उपयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल



सकते हैं।

#### कहीं आप भी तो प्रोटीन पाउडर नहीं ले रहे हैं?

प्रोटीन पाउडर में हो सकती है स्टेरॉयड की मात्रा

जिम से लौटने के बाद एक गिलास दूध या स्मूदी में प्रोटीन पाउडर मिलाकर पीना आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक सरल तरीका लग सकता है। आखिरकार, प्रोटीन मांसपेशियों, हड्डियों की मजबूती और शरीर के कई कार्यों के निर्माण और रखरखाव के लिए आवश्यक है। लेकिन सावधान रहें, बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर आपके लिए फायदेमंद हों ये जरूरी नहीं है। शरीर को तेजी से सुडौल बनाने के लिए कई प्रोटीन पाउडर में स्टेरॉयड की मात्रा देखी गई है जिसके सेहत पर कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

#### प्रोटीन पाउडर के नुकसान



प्रोटीन पाउडर के नुकसान को लेकर किए गए अध्ययन में कई चौंकाने वाली बीतें सामने आईं। क्लीन लेबल प्रोजेक्ट नामक एक गैर-लाभकारी समूह ने प्रोटीन पाउडर में विषाक्त पदार्थों के बारे में रिपोर्ट जारी की। शोधकर्ताओं ने 134 उत्पादों की जांच की और पाया कि कई प्रोटीन पाउडर में भारी धातुएं जैसे (लेड, आर्सेनिक, कैडमियम और मर्करी), बिस्फेनॉल-ए (बीपीए, जिसका उपयोग प्लास्टिक बनाने के लिए किया जाता है) और सेहत के लिए नुकसानदायक कई अन्य तत्व हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक प्रोटीन पाउडर में बीपीए की अनुमत सीमा से 25 गुना ज्यादा मात्रा थी।

यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रोटीन पाउडर या सप्लीमेंट्स की जगह प्राकृतिक स्रोतों से इसे प्राप्त करने



की सलाह देते हैं।

#### प्रोटीन सप्लीमेंट्स के क्या नुकसान हैं?

प्रोटीन सप्लीमेंट्स, विशेषकर दोयम दर्जे के सप्लीमेंट्स सेहत को कई प्रकार से नुकसान पहुंचा सकते हैं।

#### पाचन तंत्र की समस्या

कुछ प्रोटीन पाउडर में हाई-प्रोसेस्ड सामग्री होती है, जो पाचन समस्याओं जैसे गैस, ब्लोटिंग, डायरिया या पेट दर्द का कारण बन सकती है।

#### किडनी की बीमारियां

अत्यधिक प्रोटीन पाउडर का सेवन किडनी पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है, जिससे किडनी से संबंधित समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है, विशेषकर यदि व्यक्ति पहले से किडनी की बीमारी से ग्रस्त हो। ज्यादातर प्रोटीन सप्लीमेंट्स में स्टेरॉयड की मात्रा होती है जो किडनी की सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक है।

---



## भूलने की समस्या से रहते हैं परेशान तो करें इन योगासनों का अभ्यास

भूलने की समस्या कई कारणों से हो सकती है जिसमें एक प्रमुख वजह उम्र बढ़ने के साथ मस्तिष्क की कोशिकाएं कमजोर होना है। हालांकि लोग कम उम्र में भी चीजें और जरूरी बातें व काम भूल जाते हैं। भूलने की ये समस्या उन्हें अक्सर परेशानी में डाल देती है। दवाओं के सेवन से स्मरण शक्ति कमजोर हो सकती है। शराब व तंबाकू के सेवन से भी याददाश्त पर नकारात्मक असर होता है। विटामिन की कमी स्मरण शक्ति कमजोर बनाती है। इसके अलावा तनाव व चिंता ध्यान भटकाती है, जिससे याददाश्त की समस्या हो सकती है। याददाश्त में सुधार के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य को बेहतर और ध्यान को बढ़ाने की जरूरत होती है। इसके लिए योग बेहतर प्राकृतिक उपचार है। योग मस्तिष्क की कोशिकाओं को मजबूती देता है। योग से ध्यान और एकाग्रता बढ़ती है। ये दिमाग को तेज बनाता है, तनाव कम करता है और दिमाग की ऊर्जा का संतुलन बेहतर करता है। याददाश्त तेज करने के लिए यहां कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है,जिसका अभ्यास बच्चों से लेकर बड़े तक कर सकते हैं।

#### पद्मासन

पद्मासन जिसे कमल आसन भी कहते हैं के अभ्यास से




एकाग्रता बढ़ती है। ये आसन मन शांत रखने में सहायक हैं। दिमाग को शांत करके ही याददाश्त को बढ़ाया जा सकता है। पद्मासन के अभ्यास के लिए हाथों और घुटनों के बल बैठकर सांस लें और घुटनों को जमीन से उठाएं। पैरों को जितना हो सके पीछे की ओर फैलाएं। सिर को नीचे रखें और एड़ियों को जमीन पर दबाएं। कुछ सेकंड इसी स्थिति में रहें।

#### त्रिकोणासन

ये आसन शरीर को लचीला बनाने के साथ ही तनाव को भी कम करता है। त्रिकोणासन के अभ्यास से मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे स्मरण शक्ति में सुधार आता है। त्रिकोणासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दोनों पैरों के बीच 2 से 3 फुट की दूरी रखें। अब दाहिने पैर को आगे बढ़ाकर 90 डिग्री के कोण में घुमाएं। हाथों को बगल में फैलाकर कंधों के स्तर तक ले जाएं।

#### भ्रामरी प्राणायाम

प्राणायाम मन और मस्तिष्क को स्थिर रखने में असरदार है। भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास दिमाग तेज बनाने के लिए कर सकते हैं। इस आसन को करते समय गहरी सांस ले और फिर छोड़े। इस आसन से मन शांत, तनाव और चिंता कम होती है। साथ ही एकाग्रता और याददाश्त में सुधार होता है।



---

## मूलांक 1 वाले जरूर पहनें इन रंगों के वस्त्र, जीवन में मिलेगी सफलता

मूलांक 1 वाले जातक सूर्य ग्रह से प्रभावित होते हैं। इनकी कुंडली में सूर्य ग्रह की स्थिति मजबूत होती है, जिसके फलस्वरूप इनके जीवन में अनेक सकारात्मक गुण देखने को मिलते हैं। मूलांक 1 वाले जातक आत्मविश्वास से भरपूर होते हैं। इनमें नेतृत्व क्षमता कूट-कूटकर भरी होती है।

ये लोग स्वतंत्र चरित्र के धनी होते हैं। इन्हें किसी पर निर्भर रहना पसंद नहीं होता है। ये लोग निर्णायक और साहसी होते हैं। ये किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। इनमें रचनात्मकता कूट-कूटकर भरी होती है। ये लोग हर काम को रचनात्मक तरीके से करना पसंद करते हैं। मूलांक 1 वाले जातक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। अब ऐसे में मूलांक 1 वाले जातकों के लिए कौन सा रंग शुभ है। इन्हें किस रंग का वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।




**मूलांक 1 वाले पहनें पीले रंग का वस्त्र:** यह रंग आत्मविश्वास, ऊर्जा, रचनात्मकता और सफलता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग स्वाभाविक रूप से नेता होते हैं, और पीला रंग उनके नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसलिए मूलांक 1 वाले जातक पीले रंग के वस्त्र पहनें।

**मूलांक 1 वाले पहनें सुनहरे रंग का वस्त्र:** मूलांक 1 वाले सुनहरे रंग के वस्त्र पहनें। यह रंग समृद्धि और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग महत्वाकांक्षी होते हैं, और सुनहरा रंग उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। साथ ही जातक को जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**मूलांक 1 वाले पहनें नारंगी रंग के वस्त्र** :मूलांक 1 वाले नारंगी रंग के वस्त्र जरूर पहनें। यह रंग उत्साह, जोश और साहस का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग ऊर्जावान होते हैं, और नारंगी रंग उन्हें अपनी ऊर्जा को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**मूलांक 1 वाले न पहनें काला रंग के वस्त्र:** मूलांक 1 वाले काले रंग के वस्त्र भूलकर भी न पहनें। यह रंग नकारात्मकता, रहस्य और अंधेरे का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोगों को काले रंग से बचना चाहिए, क्योंकि यह उनकी ऊर्जा को कम कर सकता है।

**मूलांक 1 वाले न पहनें भूरे रंग के वस्त्र** : मूलांक 1 वाले भूरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। यह रंग उदासी, नीरसता और स्थिरता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोगों को भूरे रंग से भी बचना चाहिए, क्योंकि यह उन्हें आलसी बना सकता है।

---

## भूलकर भी इन चीजों को मिक्सर ग्राइंडर में डालने की गलती न करें



अक्सर आपने देखा होगा किसी किसी की मिक्सी का ब्लेड बहुत जल्दी टूट जाता है, या उसकी शार्पनेस खराब होने लगती है। जिसको हमें बार-बार पैसा देकर ठीक कराना पड़ता है। क्या आप जानते हैं ऐसा किस वजह से होता है?

#### साबुत गर्म मसाला

गरम मसाला बनाने के लिए कई तरह की चीजों को पीसना पड़ता है। उनमें से कुछ सॉफ्ट तो कुछ बहुत ही ज्यादा हार्ड होती हैं। ऐसे में कुछ लोग गरम मसाला पीसते हुए उन सभी चीजों को एक साथ जार में डालकर पीस देते हैं। जिसके चलते ब्लेड पर प्रेशर पड़ता है और उसकी धार या कभी-कभी ब्लेड भी टेड़ा हो जाता है या टूट जाता है। आप जब भी गरम मसाला पीसें तो उसको पहले खल्लड़ में डालकर कूट लें। हल्का दरदरा हो जाने के बाद अब आप उसे मिक्सी में डालकर पीस सकती हैं। ऐसा करने से आपका मिक्सी जार खराब नहीं होगा।

#### बर्फ के टुकड़े

अक्सर हम लोग जब कभी घर पर लस्सी, कोल्ड कॉफी या शेक बनाते हैं, तो मिक्सर ग्राइंडर में बड़े-बड़े बर्फ के टुकड़े डाल देते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इसके लिए या तो आप बाहर निकालकर बर्फ मिलाएं या फिर आइस क्यूब्स को तोड़कर जार में डालें। बड़े बर्फ के टुकड़े ब्लेड में अटकते हैं, जिससे टूटने का डर बना रहता है।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पोप ने बताई अपनी पसंद की फिल्म, क्लासिक का दर्जा हासिल है इन्हें





पोप लियो पंद्रहवें ने एक नए इंटरव्यू में अपनी ऑल टाइम फेवरेट चार फिल्मों का खुलासा किया है। इसके बाद से ही इन क ला सि क फिल्मों को लेकर चर्चा बढ़ गई है। आपनी जानिए ये कौन सी फिल्में हैं और आपने इनमें से कौन सी नहीं देखी है।

रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख, पोप लियो जो कुछ भी कहते हैं, जाहिर तौर पर उसकी दुनियाभर में चर्चा शुरू हो जाती है। दुनिया को शांति और धर्म का संदेश देने वाले पोप ने अब एक इंटरव्यू में अपनी सबसे फेवरेट फिल्मों का जिक्र किया है। इसके बाद से ही इन चारों फिल्मों में हर किसी की दिलचस्पी बढ़ गई है। पोप ने जिस पहली फेवरेट फिल्म का नाम लिया, सबसे बेहतरीन क्रिसमस फिल्मों में से एक मानी जाती है। साल 1998 में, अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट ने 'इट्स ए वंडरफुल लाइफ' को अमेरिका की सबसे महान फिल्मों में 11वें नंबर पर रखा था। पोप की फेवरेट लिस्ट में दूसरी फिल्म जूली एंड्र्यूज स्टारर म्यूजिकल ड्रामा 'द साउंड ऑफ म्यूजिक' 1965 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 5 ऑस्कर अवॉर्ड जीते थे। तीसरी फेवरेट फिल्म के तौर पर पोप ने 1980 में रिलीज 'ऑर्डिनरी पीपल' का नाम लिया। यह एक फैमिली ड्रामा है, जो एक अमीर अमेरिकी परिवार के दुख और उससे उबरने की कहानी है।

### टॉलीवुड

## '45' देखने के बाद यूजर्स ने दिया रिएक्शन, कही ये बात



क्रिसमस के मौके पर साउथ की फिल्म '45' रिलीज हुई। रिलीज से पहले इस फैंटसी एक्शन फिल्म की चर्चा थी। रिलीज के बाद कई दर्शकों ने फिल्म को देखा है। उन्होंने इसके बारे में सोशल मीडिया पर अपनी राय रखी है। कुछ लोगों को कलाकारों का अभिनय पसंद आया है, तो वहीं कुछ लोगों को इसका वीएफएक्स कमजोर लगा है।

एक एक्स यूजर ने फिल्म '45' के म्यूजिक और वीएफएक्स को कमजोर बताया है। उन्होंने लिखा है 'यह फिल्म अच्छी हो सकती थी! शिवन्ना, उप्पी और राज को देखना अच्छा अनुभव था। हालांकि अर्जुन जन्य ने इसे खराब कर दिया। न सिर्फ निर्देशन, बल्कि म्यूजिक भी अच्छा नहीं था। वीएफएक्स अच्छे नहीं थे। एक और यूजर ने कहा कि फिल्म का वीएफएक्स और अच्छा हो सकता था।

फिल्म '45' को एक यूजर ने औसत से बेहतर बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा 'एक अच्छा मौका खराब हो गया। जो फिल्म अच्छी बन सकती थी, वह कहानी बताने के तरीके की वजह से एक एवरेज फिल्म बनकर रह गई। 'डेविल' ने निराश किया, '45' एवरेज से ऊपर थी, 'मार्क' के बारे में कल पता चलेगा।'एक और यूजर ने फिल्म को खराब बताया है।

एक एक्स यूजर ने फिल्म को अच्छा बताया है। उन्होंने लिखा है 'कुल मिलाकर फिल्म अच्छी है। अगर क्लाइमेक्स को अच्छी तरह से बनाया जाता तो और बेहतर होती। फिर भी शिवन्ना के फैंस के लिए यह एक तोहफा है।'

एक और यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'फिल्म का विचार और क्लाइमेक्स अच्छा है। गाने और डायलॉग अच्छे हैं। शिवन्ना ने अपने अभिनय के साथ न्याय किया है। आखिर में वीएफएक्स अच्छे नहीं थे।

### भोजपुरी

## 'परिणय सूत्र' की शूटिंग जारी पर्दे पर लौटेगा 70 का दशक



मंजुल ठाकुर के निर्देशन में फिल्म 'परिणय सूत्र' की शूटिंग प्रतापगढ में जोर शोर से चल रही है। संदीप सिंह, मंजुल ठाकुर द्वारा निर्मित व अ र विं द तिवारी द्वारा लिखित इस फिल्म के एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा है। फिल्म के निर्देशक मंजुल ठाकुर ने बताया कि यह सन 1970 के दशक की फिल्म बन रही है। उस समय होने वाले रहन सहन, खान पान व अन्य सभी प्रकार की छोटी से छोटी चीजों को शूट के समय बहुत ही बारीकी से व सोच समझकर ध्यान देना पड़ रहा है। यह एक शुद्ध पारिवारिक फिल्म है। इस फिल्म को दर्शकों को देखने में एक अलग ही आनंद आयेगा इसके साथ ही आज के दौर के लोगों को उस समय के कल्चर व परिवेष व संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान होगा। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि यह एक ऐतिहासिक फिल्म साबित होगी। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मंजुल ठाकुर ने कहा कि आज के दौर की फिल्म बनाना उतना कठिन नही है जितना सन 70 के दशक की फिल्म बनाना कठिन है क्योंकि आज समय बदल गया है और उस समय का परिवेश और रहन सहन,खान पान के साथ ही उस समय की सभी चीजों में बहुत बदलाव आ गया है। इसलिए शूटिंग के लिए उस समय की सभी चीजों को एकत्रित करने में बहुत ही कठिनाई हुई। खासतौर से उस समय के बने हुए मकान को ढूंढने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उस समय बैलगाडी, एक्का, व सायकल का चलन था।




एआई का दखल

फैशन एस्थेटिक्स को 2030 तक एआई-ड्रिवन पर्सनलाइज़ेशन, सस्टेनेबल मटेरियल, माइक्रो-ट्रेंड और कल्चरली अवेयर स्टाइल से पहचाना जाएगा। ग्लांस जैसे प्लेटफॉर्म रियल-टाइम, एआई-आधारित विकल्प देते हैं जो आपकी निजी पसंद और दुनिया भर के ट्रेंड्स का अनुमान लगाते हैं। भविष्य में आप फैशन पर एआई को पूरी तरह हावी होते देख पाएंगे।

## लंबा शर्ट पहनना हो तो अपनाएं यह तरीका

बॉलीवुड एक्टर्स के फैशन ट्रेंड आज से नहीं लंबे समय से हमें इंस्पायर करते आ रहे हैं। इसलिए, जब बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 70 के दशक में एक बार लंबी शर्ट को अलग तरीके से पहने दिखे, तो फैंस ने उस लुक को अपना लिया।

### लंबे शर्ट की लेयरिंग

कैजुअल लुक के लिए लंबे शर्ट की लेयरिंग सही हो सकती है। अगर आप लंबी शर्ट को पहनकर फैशनेबल दिखना चाहते हैं तो लेयरिंग करें। लंबे शर्ट की लेयरिंग करना सही होगा। हालांकि आज के दौर में लड़के इस तरह के लुक को अपनाते हैं। मगर कई बार हम देखते हैं कि कई लड़के शॉर्ट शर्ट के साथ लेयरिंग करते हैं। इस कारण उनका लुक उतना परफेक्ट नहीं दिखता है। इसलिए कभी भी टी-शर्ट के साथ शर्ट की लेयरिंग करने के लिए लंबाई का ध्यान रखें। मगर कभी भी लेयरिंग के लिए फॉर्मल शर्ट न चुनें। हमेशा कैजुअल शर्ट या डेनिम शर्ट की लेयरिंग करें।

### लंबी शर्ट को टक इन करें

कई बार हम शर्ट को कलर और प्राइज देखकर पसंद करने के बाद खरीद लेते हैं। लेकिन जब शर्ट को पहनते हैं तो वह नीचे से लंबी होती है। इस तरह का अनुभव अधिकतर लड़के करते हैं। मगर उस वक्त शर्ट की रिप्लेसमेंट या नई शर्ट खरीदना सबके लिए संभव नहीं हो पाता है। अगर आपके सामने ऐसी परिस्थिति हो तो एक विकल्प है। आप लंबी शर्ट को टक इन कर के पहन सकते हैं। आप अपनी कैजुअल और फॉर्मल दोनों शर्ट को टक इन कर के पहन सकते हैं। इस तरह से शर्ट को पहनने से भी सही लुक मिल जाता है।



### लॉन्ग/ ओवरसाइज्ड शर्ट फैशन ट्रेंड

लंबी शर्ट्स को पहनना भी एक टाइप का फैशन ही है। इसलिए कुछ फैशन ब्रांड्स लॉन्ग शर्ट बनाते हैं। आप किसी फैशन स्टोर या शॉपिंग मॉल या शॉपिंग वेबसाइट्स से इस तरह की शर्ट खरीद सकते हैं। ऐसे शर्ट्स को जींस या चिनोज के साथ बिना टक इन किए भी पहन सकते हैं। इस तरह का कैजुअल लुक भी काफी अच्छा लगता है।

### शर्ट को करें आधा टक इन

हां, यह भी एक प्रकार का ओल्ड फैशन ट्रेंड है। इस तरह से हमने कई बॉलीवुड स्टार को शर्ट पहनते देखा है। आप अपनी लंबी शर्ट को आगे की ओर से टक इन करें और पीछे की ओर से खुला छोड़ दें। इस तरह से आप अपनी लंबी शर्ट को पहन सकते हैं।

## इस मौसम में सिल्क की साड़ी पहनकर दिखाइए जलवा








साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे भारतीय महिलाएं बेहद मन से पहनती हैं। अगर कहीं किसी कार्यक्रम में जाने के लिए ये समझ नहीं आता कि क्या पहनें तो साड़ी एक बेहतर विकल्प लगता है। चाहे ऑफिस की पार्टी हो, या फिर कोई शादी-विवाह अटैंड करना हो, साड़ी पहनकर महिलाएं हर जगह अपना जलवा दिखा सकती हैं।

अगर बात करें इस साल के फैशन ट्रेंड की, तो भले ही समय के साथ फैशन बदलता रहता है, लेकिन साड़ियों के प्रति महिलाओं का प्यार कभी कम नहीं होता है।

खास तौर पर अगर बात की जाए सिल्क की साड़ी की, तो उसका फैशन तो सदियों से चलता चला आ रहा है। इस साल बॉलीवुड की हसीनाओं ने बड़े इवेंट्स में भी सिल्क की साड़ी पहनकर जलवा दिखाया। इस लेख में हम आपको सिल्क की साड़ी का ही लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप भी उनके कलेक्शन से टिप्स लेकर सिल्क की साड़ी खरीद सकें।

**रेखा:** हर कार्यक्रम में अभिनेत्री रेखा सिल्क या कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचती हैं। साल की शुरुआत में ही उन्होंने एक इवेंट में हरे रंग की बेहद ही खूबसूरत सिल्क की साड़ी कैरी की थी। इस लुक में वो बेहद खूबसूरत दिख रहीं थीं।

**शिल्पा शेट्टी :** अपने ग्लैमर की वजह से शिल्पा शेट्टी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस पीले रंग की साड़ी के साथ उन्होंने बैकलेस ब्लाउज पहना है। इस साल उन्होंने कई जगहों पर सिल्क की साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाया।

## बालों में हेयर स्ट्रेटनर यूज करने से पहले ये बातें जानना है बेहद जरूरी

बालों को हेल्दी रखने के लिए हम अलग-अलग तरीके हेयर स्टाइल को बनाते हैं। जिसे बनाने के लिए हम ज्यादातर स्ट्रेटनिंग मशीन का इस्तेमाल करते हैं, ताकि जब हम हेयर स्टाइल बनाएं तो उसमें किसी तरह की कोई दिक्कत न आए।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये आपके बालों को पूरी तरह से डैमेज कर देती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम कई बार इसे इस्तेमाल करते समय कई सारी गलतियां कर देते हैं। जिसका असर हमारे बालों पर भी देखने को मिलता है। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट की बताई गई बातों को जरूर जानें।

अगर आपका गीले बालों में स्टेनर का इस्तेमाल करते हैं तो अब ऐसी गलती बिल्कुल भी न करें। इससे बाल और ज्यादा डैमेज हो जाएंगे।

इसकी वजह से बाल ड्राई होने शुरू हो जाएंगे। साथ ही कुछ समय बाद दो मुंहे बाल होने लगेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके स्कैल्प भी कमजोर हो जाएंगे। इसलिए कोशिश करें कि ऐसी गलती न करें।अगर आपको लगता है कि मशीन के ज्यादा गर्म होने से बाल आसानी से स्ट्रेट हो जाएंगे, तो ऐसा बिल्कुल (बालों की खूबसूरती के लिए टिप्स) भी नहीं है।



इस बात का ध्यान रखें कि इससे आपके बाल फ्रिजी नजर आएंगे। इसलिए कोशिश करें कि टेम्प्रेचर को कंट्रोल करें ताकि बाल डैमेज न हो। बालों में स्ट्रेटनिंग मशीन का इस्तेमाल ज्यादा न करें वरना बाल खराब हो जाएंगे। अगर आपने बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल किया है तो उसके बाद बिल्कुल भी इसका इस्तेमाल (बालों को हेल्दी रखने के टिप्स) न करें वरना स्कैल्प में दिक्कत हो जाएगी।

## सर्दियों में जैकेटों से सजाएं अपनी अलमारी

दिसंबर का महीना खत्म होते-होते सर्दी भी बढ़ने लगी है। बढ़ती ठंड से हर कोई परेशान है। सर्दी के मौसम में लोग तमाम तरह के हैवी-हैवी कपड़े पहनकर घूमते हैं, ताकि उनकी मदद से उन्हें सर्दी कम लगे।

जिस तरह से गर्मी के मौसम में लोग तरह-तरह के कपड़े पहनकर स्टाइल दिखाते हैं, ठीक उसी तरह से सर्दियों में भी स्टाइल दिखाना बेहद जरूरी हो जाता है। खासतौर पर अगर बात की जाए जैकेटों की तो ज्यादातर लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि जैकेट कितने तरह की होती हैं।

ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही जैकेटों के बारे में बताएंगे, जिनको कैरी करके आप सर्दी के मौसम में भी स्टाइल दिखा सकते हैं। जिन जैकेटों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, वो लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह की जैकेट हर किसी के पास होनी ही चाहिए।

**बॉम्बर जैकेट:** अगर आपको डैपर लुक पसंद है तो इस तरह की बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की जैकेट टीशर्ट के साथ काफी ज्यादा क्लासी दिखती है। अगर आप इस जैकेट के साथ कूल दिखना चाहते हैं तो कैप पहन सकते हैं।

**ट्रकर जैकेट:** इसे डेनिम जैकेट भी कहते हैं। हर लड़के और लड़की के पास ट्रकर जैकेट होना बेहद जरूरी होता है। इसे हर तरह की टीशर्ट के साथ कैरी किया जा सकता है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।



**पारका जैकेट:** जिन जगहों पर ज्यादा सर्दी होती है, उनके लिए ये जैकेट काफी सही विकल्प होता है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं। इस तरह की जैकेट काफी लंबी होती है, इसके साथ ही इसकी टोपी में फर लगी होती है।

**ब्लोजन जैकेट:** वैसे तो ये जैकेट बॉम्बर जैकेट की ही तरह होती है, लेकिन ये काफी ढीली होती है। ऐसे में ये पहनना काफी आरामदायक होती है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**बाइकर जैकेट:** इस तरह की जैकेट लेदर से बनी होती हैं। ये ना सिर्फ ठंड से बचाती हैं, बल्कि इसे पहनकर स्टाइल भी काफी अलग दिखता है। स्टाइलिश दिखने के लिए इसे आप सफेद टी-शर्ट, काली जींस, ऊंचे जूते पहन सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### नए साल के आगमन तक रहेगा पार्टी का माहौल

## पार्टी में वॉव लुक के लिए स्टाइल करें खूबसूरत ड्रेस, होगी जमकर तारीफ

क्रिसमस का जश्न दुनिया भर में चल रहा है और यह जश्न सिर्फ एक दिन का नहीं बल्कि नए साल के आगमन तक चलेगा। ऐसे में पार्टी लुक के लिए आप भी कुछ अलग तरह के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आप सुंदर नजर आएंगी। साथ ही, सबसे अलग दिखाई देंगी। जब आउटफिट की बात आती है, तो हम हमेशा कुछ अलग तरह के आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोचते हैं। इसका आइडिया हम एक्ट्रेस के आउटफिट्स से भी लेते हैं। लेकिन अगर आपको फिर भी कुछ समय नहीं आ रहा है, तो ऐसे में आप आर्टिकल में दिखाए गए आउटफिट्स को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह की आउटफिट्स पहनने क बाद अच्छी लगेंगी। साथ ही, इससे लुक भी सुंदर नजर आएगा।



### बॉडीकॉन ड्रेस करें स्टाइल

आप पार्टी में सुंदर दिखने के लिए बॉडीकॉन ड्रेस के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइन और ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इसमें आप बो डिजाइन, या प्रिंटेड ड्रेस को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव लगेगा।

### क्रेप मिडी ड्रेस करें स्टाइल

सुंदर दिखने के लिए आप पार्टी में क्रेप मिडी ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस में आपको पूरा रेड कलर या व्हाइट और रेड कलर का कॉम्बिनेशन भी मिलेगा। इससे आपका ड्रेस लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको 1,000 से 1,200 रुपये में मिल जाएगी।

### फ्लेयर्ड वाली मैक्सी ड्रेस

आप कुछ अलग ट्राई करने के लिए फ्लेयर्ड वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होती है। इसे पहनने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। इसमें आपको कलर भी अलग-अलग मिल जाते हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ एक्सेसरीज स्टाइल कर सकती हैं। इस बार स्टाइल करें ये पार्टी ड्रेस। इस तरह की ड्रेस क्रिसमस पार्टी में अच्छी लगेगी। साथ ही, आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में भी मिल जाएगी। जिसे आप अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी के साथ वियर कर सकती हैं। इसके साथ आप अलग तरह का मेकअप भी क्रिएट कर पाएंगी।

